हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025



# कंडम टैंकरों से सप्लाई, पाइप लाइन भी लीकेज, व्यर्थ बह रहा सैकड़ों लीटर पानी

## गर्मी के दिनों में हजारों लीटर पानी व्यर्थ होने के बाद भी निगम प्रशासन गंभीर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पानी टैंकरों के पीछे जल को जीवन बताने का संदेश लिखने वाले नगर निगम के पानी टैंकरों से जीवन रूपी जल व्यर्थ बह रहा है। कंडम टैंकरों से पानी सप्लाई के चलते लाखों लीटर पानी यूं ही बह जाता है। कभी टैंकर पर टोटी नहीं होने की वजह से तो कभी टैंकर की टंकी में लीकेज होने से तो कभी टैंकर की पाईप लाइन से पानी का रिसाव लगातार बना रहता है। नगर निगम के जल घर से वार्डों में पहुंचते तक ही कई लीटर पानी सड़क पर बह जाता है।

जल की हर बूंद जीवन है। बूंद-बूंद जल बचाने का संदेश देते नगर निगम द्वारा अपने पानी टैंकरों के पीछे जल ही जीवन है का संदेश लिखा गया है, लेकिन इस जल को बचाने के लिए गंभीरता दिखाई नहीं दे रही है। वहीं केवल पानी टैंकर से ही नहीं, बल्कि पानी टंकी की लीकेज पाईप लाइन से भी लाखों लीटर पानी बह जाता है।

**ज्वाईंट से फूटे टैंकर**

नगर निगम के जल घर में आने वाले पानी टैंकरों में कई टैंकर ज्वाईंट के पास से फूटे हुए हैं। जिससे लगातार पानी का रिसाव बना रहता है। वही यहां भरने वाले टैंकर को चालक पाईप लाइन के नीचे लगाकर इधर-उधर घूमते रहते हैं। कई बार टैंकर भरकर बहता रहता है। नगर निगम द्वारा शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए सामान्य तौर पर एक दिन में ही लगभग 60-70 बार पानी की सप्लाई होती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हर ट्रीप में कितना लीटर पानी बह जाता होगा।

### बोतल से चल रहा काम

नगर निगम द्वारा संचालित अधिकांश टैंकरों का वॉल खराब होने पर इसका सुधार कार्य नहीं करके यहां प्लास्टिक की पानी बोतल फंसा दी जाती है। जिससे भी पानी बहता है। टैंकर में नल की टोटियों की जगह लकड़ी में प्लास्टिक की झीलियां लपेटकर फंसाई जाती है, जो कभी रास्ते में खुल जाती है।

### पाइप ज्वाईंट से बह रहा पानी

शहर के टांकाघर में पानी टंकी की पाईप लाइन के ज्वाईंट से भी पिछले कई महीनों से पानी का रिसाव हो रहा है। इस पाईप लाइन की मरम्मत करने की जहमत भी नहीं उठाई जा रही है। पाईप लाइन मरम्मत नहीं होने के चलते सैकड़ों लीटर पानी व्यर्थ बहकर नाली में जा रहा है।



### तीन साल से नहीं हुई सफाई!

टांकाघर में पानी टंकी सफाई कब हुई है, इसका भी कोई ठिकाना नहीं है। यहां टंकियों में टंकी सफाई की तारीख 22 जुलाई 2021 के बाद 22 जनवरी 2022 लिखी है। इसकी माने तो बीते 3 वर्ष से यहां पानी टंकियों की सफाई नहीं हुई है।

### गंभीर नहीं जिम्मेदार

स्थानीय टांकाघर में फैली इस अव्यवस्था से समझा जा सकता है कि सिर्फ स्लोगन लिखकर वाहवाही लूटने वाले जिम्मेदार अधिकारी जल बचाने और यहां की व्यवस्था को बनाने के लिए कितने गंभीर हैं।

# बस्तर में संग्राहकों से सीधे सरकार खरीदेगी तेंदूपत्ता, नांदगांव के गोदाम रह जाएंगे खाली!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

इस साल से प्रदेश सरकार ने तेंदूपत्ता खरीदी के नियमों में बदलाव कर दिया है। जिसके बाद अब बस्तर संभाग के सभी तेंदूपत्ता संग्रहकों से सरकार सीधे खरीदी करेगी। अब तक ठेकेदारों के जरिये यह खरीदी होती आई है। इस नए बदलाव के बाद राजनांदगांव शहर में स्थित तेंदूपत्ता गोदामों को बड़ा झटका लगा है। इस बदलाव के बाद जहां हर साल नांदगांव में छह लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता स्टोर किया जाता था, इस बार इसका दस फीसदी स्टॉक ही आने की संभावना है।

ऐसे में जहां गोदाम संचालकों की आय पर असर पड़ेगा, वह इन गोदामों में बोरा उतारने, माल छटाई का काम करने वाले लगभग डेढ़ से दो हजार मजदूरों की आमदनी भी प्रभावित होगी। हालांकि सरकार केवल बस्तर संभाग में ही सीधे खरीदी करने वाली है। मोहला-मानपुर जिले में अब भी ठेकेदारों के जरिये ही यह खरीदी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि 2025 के नए नियमों के तहत सरकार ने तेंदूपत्ता खरीदी की पूरी ज़िम्मेदारी अपने हाथों में ले ली है। छत्तीसगढ़ में इस साल हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता की तुड़ाई सबसे पहले दक्षिण बस्तर में 20-25 अप्रैल से शुरू होगी। प्रथम चरण में सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा जैसे जिले से इसकी शुरूआत होगी। वहीं अंतिम चरण में 10 मई को सरगुजा में तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेशभर में इसके लिए 13 लाख 50 हजार संग्राहक परिवारों का फैमिली कार्ड बनाया गया है। इसमें सभी का ब्यौरा दिया गया है। बता दें कि प्रदेश में धान की फसल के बाद तेंदूपत्ता की वृहद स्तर पर खरीदी होती है।

## स्टोरेज के लिए बस्तर से बड़ी मात्रा में नांदगांव आता था तेंदूपत्ता



### सीधे खाते में आएगी राशि

बताया गया कि इस बार किए गए बदलाव के तहत इस साल उनके बैंक खातों में ऑनलाइन राशि अंतरित की जाएगी। इस साल तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए की दर से भुगतान किया जाएगा। इससे पहले यह दर 4,000 रुपए थी। वहीं उक्त राशि का भुगतान कैशलेस किया जाएगा। इसके लिए सभी जिलों में अभियान चलाकर बैंक खाते खोले जा रहे हैं। सुदूर क्षेत्र में मोबाइल बैंकिंग के जरिये बैंक खाते खोलने की प्रक्रिया भी चल रही है।

### डोंगरगांव गोदाम में जाएगा स्टॉक

मिली जानकारी के अनुसार इस बार भी मानपुर में तेंदूपत्ता की तोड़ाई की जाएगी, लेकिन उसका स्टोरेज नांदगांव की जगह डोंगरगांव में किया जाएगा। जबकि अब से पहले तक बस्तर संभाग में फड़ लेने वाले अन्य प्रदेशों के व्यापारी तेंदूपत्ता का राजनांदगांव में स्टोरेज किया करते थे। राजनांदगांव शहर में ही लगभग छह लाख मानक बोरा स्टोरेज की क्षमता है। इस साल संभावना जताई जा रही है कि इसका दस फीसदी ही तेंदूपत्ता स्टोरेज के लिए आ सकता है।

# साउथ के वाद्य यंत्रों के बीच भगवान बालाजी का विवाह, निकली बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के श्री तिरूपति बालाजी मंदिर में स्थापना की रजत जयंती वर्ष पर विभिन्न आयोजन किए गए। इस दौरान मंदिर समिति द्वारा विधि-विधान से भगवान का विवाह संपन्न कराया गया।

शहर के स्टेशनपारा क्षेत्र के मुदलियार बाड़ा में स्थित श्री तिरूपति बालाजी मंदिर में दो दिवसीय आयोजन किया गया। मंदिर स्थापना के इस रजत जयंती वर्ष में साउथ के रीति-रिवाज से भगवान वेंक्टेश स्वामी का विवाह संपन्न कराया गया। इस विवाह समारोह बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं भंडारा महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण किया। रजत जयंती वर्ष के तहत मंदिर समिति द्वारा मंदिर परिसर में आकर्षक साज-सज्जा की गई थी। वहीं हवन पूजन, महाभिषेक जैसे धार्मिक आयोजन भी इस अवसर पर संपन्न हुए। 25वें वर्ष के इस वृहद आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी उमड़े।



### साऊथ के वाद्य यंत्रों की धुन

श्री तिरूपति बालाजी मंदिर में साउथ के वाद्ययंत्रों की मधुर धुनों के बीच विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान साऊथ की परंपरा अनुरूप व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर एक बच्ची ने आकर्षक भारत नाट्यम की प्रस्तुति भी दी।

### विवाह समारोह संपन्न

श्री तिरूपति बालाजी दरबार सेवा समिति द्वारा आज सुबह भगवान बालाजी का विवाह समारोह आयोजित किया गया। इससे पहले शनिवार देर शाम शहर में बारात शोभायात्रा निकाली गई थी और आज सुबह विवाह समारोह संपन्न होने के बाद भंडारा प्रसादी वितरण किया गया।

# नकाबपोश चोर तक पहुंचने सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम में गुरुवार को बंधक बनाकर हुए चोरी के मामले में गंड़ई पुलिस सघन जांच में जुट गई है। मकान मालिक सहित अन्य लोगों से बयान लेकर बारिकी से जांच पड़ताल कर रही है। शनिवार शाम को डांग स्क्वाड की भी मदद लेकर सुराग तलाश कर नकाबपोश चोरों तक पहुंचने का प्रयास जारी है। वहीं रविवार को गांव के कुछ घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल कर पतासाजी लगाया गया है। आगे मिली जानकारी अनुसार जिस घर में चोरी की वारदात हुआ है, वहां फारेंसिक जांच भी कराया जाएगा, तब तक के लिए उस घर का उपयोग पर मनाही किया गया है। संभवतः कल सोमवार को फारेंसिक टीम घर का मौका मुआयना करने पहुंचेगी। ज्ञात हो कि गुरुवार रात को राजमिस्त्री का काम करने वाला भगवती प्रसाद घर में अकेले सोया हुआ था। रात में कुछ नाकाबपोश चोर उसके घर में घुस आया था। उसके जग जाने पर चोरों ने उसे बिस्तर पर हाथ-पैर को बांधकर तथा मुंह में टेप मार दिया था। घटना के लगभग 16 घंटे बाद ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुआ था। जानकारी अनुसार नाकाबपोश चोरों ने घर से लगभग 30 हजार रुपए का हाथ साफ किया है।

### मामले में सुराग की तलाश

कुछ नाकाबपोश चोरों ने मकान मालिक को बंधक बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। डांग स्क्वाड, सीसीटीवी फुटेज से सुराग तलाश किया जा रहा है।

**- भीमसेन यादव,** थाना प्रभारी गंड़ई

# महाराष्ट्र से शराब की तस्करी, 200 पौवा के साथ एक कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र निर्मित शराब 200 पौवा को बोरी में रखकर वाहन का इंतजार कर रहे आरोपी को पुलिस ने मौके पर पकड़ा। आरोपी के खिलाफ छुरिया पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक छुरिया पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में 19 अप्रैल को छुरिया पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी कोमल यादव 20 वर्ष निवासी गैंदाटोला कुमर्रा छुरिया के पास अत्याधिक मात्रा में अवैध शराब रखकर गाड़ी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर छुरिया पुलिस मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई कर आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में रखे 200 नग पौवा महाराष्ट्र राज्य निर्मित मदिरा प्लेन शराब कीमती 7000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) 36 आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य, उप निरीक्षक ओम साहू, सहायक उपनिरीक्षक सत्तुलाल कवर का विशेष योगदान रहा है।

## मोपेड़ में ले जा रहे थे अवैध रूप से शराब, दो पकड़ाए



**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए मोपेड़ में शराब रखकर ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों से एक मोपेड एवं 115 पौवा देशी मसाला शराब बरामद की गई है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि इलेक्ट्रिक वाहन में एक प्लास्टिक बोरी एवं थैला पर दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने परिवहन कर रहे हैं। इस सूचना पर थाना प्रभारी लालबाग प्रशिक्षु भापुसे ईशु अग्रवाल के नेतृत्व में स्टाफ मौके पर रवाना हुए। इस दौरान आरोपी एक प्लास्टिक बोरी एवं थैला पर शराब रखकर बिक्री करने परिवहन करते मोतीपुर की ओर जा रहे थे, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम-पता पूछने पर अपना-अपना नाम गिरधर ऊर्फ राजा साहू पिता ओमप्रकाश साहू 28 साल एवं सतीश साहू पिता ओमप्रकाश साहू 32 साल बजरंगपुर नवागांव पुलिस चौकी चिखली का रहने वाला बताया। इलेक्ट्रिक वाहन में एक प्लास्टिक बोरी एवं दो थैला में रखा कुल 115 पौवा देशी मशाला शोले शराब कीमती 11500 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल इलेक्ट्रिक वाहन को जब्त कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

## खबर संक्षेप

### शिवनाथ में नहाने गए बालक की डूबने से मौत

**राजनांदगांव।** दोस्तों के साथ शिवनाथ नदी में नहाने के लिए गए एक बालक की डूबने से मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। इस दुखद घटना से मृतक के परिजनों में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दिनदयाल कालोनी चिखली निवासी नोमित मंडावी पिता सहदेव मंडावी 12 वर्ष अपने पांच छह दोस्तों के साथ आज सुबह नहाने के लिए शिवनाथ नदी आक्सीजोन के पास गया हुआ था। बताया गया कि नहाते वक्त नोमित नदी के पानी में डूब गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सुरगी पुलिस चौकी ने मर्ग कायम किया है। इधर इस घटना की खबर से चिखली दिनदयाल कालोनी क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

अपने घर लेकर जाए
अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
जिंदगी का बेस्ट डिसिजन!
JOHN DEERE
5405
TREM IV
4WD

जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव 98279 53976 अंबागढ़ चौकी 8103024569 चिचोला गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार

1 तोला, 5 नग
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार

1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार

2 नग
रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार

3 नग
LED TV
सातवना पुरस्कार

1100
नियम व शर्तें लागू*
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क रेडियो का वितरण

**साल्हेवारा।** भारत तिब्बत पुलिस बल ने कमांडेंट तेजभान सिंह के मार्गदर्शन में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल बकरकट्टा के जवानों ने नवागांव, खामी, समुंदपानी, बंजारी, निजामडीह, बसंतपुर एवं सरोधी में ग्रामीणों को रेडियो प्रदान किया। बच्चों को मिठाई दिया गया। बल के जवानों ने के प्रधान से समस्याओं के बारे में पूछताछ किया। इस मौके पर ज्योति प्रकाश, श्रीनिवास, मिथलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### अवैध ईंट भट्ठों का संचालन

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत अछोली, अंडी, बरनारा, मेढा, रेंगाकठेरा, मुडपार, कलकसा, संडीडीह, लतमर्रा आदि में लाल ईंट भट्टे का संचालन किया जा रहा है। इन भट्ठों में चोरी की बिजली का उपयोग करने के अलावा आसपास हरे वृक्षो की कटाई कर खपाया जा रहा है। यहां छोटे बच्चों से काम करवाया जा रहा है। प्रतिबंधित लाल ईट बनाने का कारोबार को रोकने में सरकारी अमला नाकाम नजर आ रहा है। इस मामले की शिकायत होने के बाद भी अधिकारी अपेक्षित कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार विकासखंड की लगभग 40 पंचायतों में लाल ईंट बनाकर बेचा जा रहा है।

### पुराने ढर्रे पर चल रहा कामकाज

**डोंगरगढ़।** पालिका में सत्ता बदलने के बाद भी कामकाज पुराने ढर्रे पर




चल रहा है। पार्षद निधि एवं अन्य विकास कार्यों के लिए शासन से मिलने वाली राशि में से कमीशनखोरी एवं सामग्री खरीदी में फर्जीवाडा शुरू हो गया है। पूर्ववर्ती कार्यकाल में पार्षदों ने कागजों में खरीदी और निर्माण करवाकर राशि का आहरण कर लिया था। सत्ता बदलने के बाद कामकाज में सुधार आने की उम्मीद की जा रही थी किन्तु कमीशन का खेल शुरू हो गया है। सफाई व्यवस्था चरमराने एवं जल संकट गहराने के बाद जनप्रतिनिधि पार्षद निधि का उपयोग करने के बजाए बंदरबाट करने मे लगे हैं। शहर में जल संकट गहराने के बाद भी इस समस्या के समाधान के लिए अपेक्षित पहल नहीं किया जा रहा है।

### सुजल ने बढ़ाया शहर का मान



**डोंगरगढ़।** केन्द्रीय विद्यालय की कक्षा दसवीं के छात्र सुजल वर्मा पिता बालाराम वर्मा का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के लिए हुआ है। कांग्रेस नेत्री नलिनी मेश्राम ने उसके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सुजल का चयन होना डोंगरगढ़ के लिए गौरव की बात है। इस सफलता के लिए श्रीमती मेश्राम ने बधाई दिया है।

### जयंती पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**डोंगरगढ़।** प्रज्ञा बौद्ध समिति ने अंबेडकर जयंती के मौके पर एक दिन भीम



के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम और आर्केस्ट्रा का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, नागसेन बौद्ध विहार के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, हरविंदर सिंह मंगे, धीरज मेश्राम, नलिनी मेश्राम, प्रकाश बिंदल, संतोष राव, विजेंद्रसिंह ठाकुर, प्रिंस कक्कड़, शैलेन्द्र डोंगरे, राजेश गजभिये, पार्षद डी एकेश राव, करुणा डोंगरे, मयंक डोंगरे, वामन कोटले शामिल हुए। इस दौरान विनायक मेश्राम, सिकंदर मेश्राम, नीतिश गजभिये, गणेश गजभिये, राजू गजभिये, कालू गजभिये सहित अन्य की उपस्थिति रही।

### विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया रिसर्च पेपर



**डोंगरगढ़।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम मॉडल महाविद्यालय राजनांदगांव के तत्वावधान मे रिसेन्ट ट्रेन्ड्स इन लाइफसाइंस विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में नेहरू महाविद्यालय के एमएससी वनस्पति विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने रिसर्च पोस्टर एवं रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश पांडे, विशिष्ट अतिथि डॉ एसके जाधव, डॉ आरके ठाकुर, डॉ सुचित्रा गुप्ता, डॉ. अनिल कश्यप थे । रिसोर्स पर्सन के रूप में नोएडा विवि के डॉ धर्मशील श्रीवास्तव, रविवि के डॉ केके साहू, घासीदास केन्द्रीय विवि बिलासपुर के डॉ. नवीन विश्वकर्मा, डॉ. यशवंत रात्रे ने एवं अन्य प्रतिभागियो ने रिसेन्ट शोध कार्यों पर अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के झमेश्वर प्रसाद ने रिसर्च पेपर, ज्योति साहू, रामेश्वरी यादव, गुंजा साहू, संध्या यादव, तामेश्वरी साहू, श्रद्धा चंद्रिकापुरे, दानेश्वर कंवर, मधु वर्मा, सोमेश साहू, आरती सहारे एवं उमा पाल ने रिसर्च पोस्टर प्रस्तुत किया। जज के रूप में उपस्थित डॉ. भावना पांडेय, डॉ. शर्मा, डॉ. सोनल मिश्रा विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की। विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया।

### गर्मी के साथ देशी फ्रीज की मांग बढ़ी

**सड़क अतरिया।** गर्मी बढ़ने के साथ ही मिट्टी के घड़ों की मांग और बिक्री



बढ़ गई है। ठंडे पानी की चाह में लोग घड़े की मांग कर रहे हैं। अप्रैल माह का पहला पखवाड़ा बीतने के बाद से तापमान चरम पर है। सुबह से ही लोग तेज गर्मी महसूस करने लगे हैं। दोपहर को गर्म हवा लोगों को हलाकान कर रही है। गर्मी में प्यास बुझाने के लिए लोग घड़े का पानी पीना पसंद कर रहे है जिसके चलते घड़ों की मांग बढ़ने लगी है। अगले सप्ताह अक्षय तृतीया पर्व को लेकर विभिन्न आकार के घड़े बाजार में देखने को मिल रहे हैं। पचास से लेकर दो सौ रूपए तक में घडे बेचा जा रहा है। कुम्हारों ने बताया कि अच्छी मिट्टी तथा उसे बनाने, पकाने में लागत अधिक आने के कारण घड़े के दाम बढ़ गए हैं।

## शहर में निकली भव्य हरिनाम यात्रा

# अवतरण दिवस पर झूमे साधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव एवं साधक परिवार के तत्वाधान में संत आशारामजी बापू का अवतरण दिवस विश्व सेवा-सत्संग दिवस के रूप में मोहारा स्थित आश्रम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 89 वें अवतरण दिवस पर 89 दीप प्रज्जवलित कर भजन-कीर्तन किया गया। सुबह से आश्रम में साधको की भीड़ उमड़ने लगी थी। कार्यक्रम के बाद हरिनाम संकीर्तन यात्रा निकाली गई जिसमें सांस्कृतिक झाँकियों के साथ समिति एवं आश्रम द्वारा संचालित सेवा कार्य, संत-महापुरुषों की महिमा, देशभक्ति दर्शाते बैनर और सेवा के संदेश के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

सत्संग कार्यक्रम में नगर के महापौर मधुसूदन यादव शामिल हुए। उन्होंनेकहा कि संत आशाराम बापू का संस्कृति की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान है। वह अनेक सेवा कार्यो के माध्यम से करोड़ो लोगों का जीवन उन्नत कर रहे हैं।



#### शहर में निकली संकीर्तन यात्रा

संकीर्तन यात्रा मोहारा स्थित बापू आश्रम से निकालकर नंदई चौक, गंज चौक, भारत माता चौक, मानव मंदिर चौक होते हुए गुरुनानक चौक में सम्पन्न हुई। जगह-जगह संकीर्तन यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया कुछ जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस निमित्त डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, गोटाटोला, गंडई, खैरागढ में निःशुल्क शीतल पलाश

#### सेवा से ही समस्याओं का समाधान

श्री योग वेदांत सेवा समिति के जिला अध्यक्ष रोहित चंद्राकर ने बताया कि अनेक समस्याओं का समाधान समाज की निःस्वार्थ सेवा से ही संभव है। इसका उद्घोष एवं सफल प्रयास लोकसंत आशाराम बापू ने किया। बापू के शिष्य सद्गुरुदेव के अवतरण-दिवस को सेवा-सत्संग दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं।

# भीलवाड़ा से पद विहार कर आज पहुंचेंगी साध्वी वृंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

राजस्थान के भीलवाड़ा से पद विहार करते हुए आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म. सा. दवारा दीक्षित साध्वी वृंद का कल 21 अप्रैल को नगर में मंगल प्रवेश होगा। इस संघ में साध्वी निर्जरा श्री म. सा भी शामिल हैं जिन्होंने 10 साल पहले जीवन के मूल्य का जाना और दीक्षा लेकर वैराग्य की राह पर कदम रखा था।

उल्लेखनीय है कि नगर के प्रतिष्ठित कारोबारी खेमचंद लोढ़ा की पुत्री निभा लोढ़ा ने लौकिक शिक्षा के साथ गुरु भगवंतो के सानिध्य में धर्म की पढ़ाई कर जीवन के मर्म को समझा और यह जाना कि सांसारिक मोह में फंसने से जीवन का कल्याण नहीं होने वाला है। जीवन के यथार्थ को जानने के बाद निभा ने दीक्षा लेने का निश्चय किया। परिजनों की सहमति मिलने के बाद 30 अक्टूबर 2014 को बैंगलोर में आयोजित भव्य धर्मिक समारोह में निभा ने दीक्षा ग्रहण किया और उन्हें आचार्य प्रवर ने श्री निर्जरा श्री जी नाम दिया। इसी कार्यक्रम में सौरभ मुनि की भी दीक्षा हुई थी।

#### पहली बार नगर आगमन

करीब 10 साल पहले दीक्षा लेने के बाद पहली बार साध्वी निर्जराश्री जी म. सा का पहली बार नगर में मंगल आगमन हो रहा है। गौरतलब है कि नगर के लोढा परिवार के सदस्य पूर्व में दीक्षा लेकर जिन धर्म की अलख जगा रहे हैं। इस परिवार से दीक्षा लेने वालों में साध्वी गंगावती श्री जी, सौरभ मुनिश्री , दिव्य दर्शन मुनि श्री शामिल हैं।

#### भीलवाड़ा से डोंगरगांव का सफर

जानकारी के अनुसार दीक्षा के बाद साध्वी निर्जरा श्री जी ने बीते सालों में चेन्नई, मुंबई, बैंगलोर, भीलवाड़ा सहित अन्य स्थानों पर चातुर्मास किया। बीते साल भीलवाड़ा में चातुर्मास के बाद उन्होंने विहार किया था। आचार्य प्रवर श्री रामलाल जी म. सा की आज्ञानुवर्ती शिष्या और गुरूवर्या शासन दीपक साध्वी श्री सुप्रतिमा जी म.सा, साध्वी सुभग श्री जी म. सा, साध्वी सुरक्षण श्री जी म.सा एवं साध्वी निर्जरा श्री म. सा करीब 11 सौ किमी की दूरी पैदल तय कल 21 अप्रैल को नगर प्रवेश करेंगी।

## 50 एकड़ वन भूमि पर हुआ बेजा कब्जा, वन विभाग ने साधा चुप्पी



■ जंगल से वृक्षों की अवैध कटाई भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वन परिक्षेत्र उत्तर बोरतलाव की करीब 50 एकड़ वन भूमि पर कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। बछेराभाटा, भर्रीटोला पंचायत के कुछ लोगों ने वन विभाग के कर्मचारियों से सांठगांठ कर जमीन पर कब्जा कर लिया है। इस आशय की जानकारी सामने आने के बाद विभाग के अधिकारी सहम गए है। जमीन पर कब्जा करने के एवज में लाखों का लेनदेन होने का भी हल्ला है। बताया जा रहा है कि उक्त जमीन से बड़ी मात्रा में इमारती वृक्षों को काटकर लकड़ियों को चोरी छुपे खपाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बछेराभाटा बीट क्रमांक 445 की लगभग 50 एकड जमीन के कब्जा कर लोगों ने खेती करना शुरू कर दिया है। इस आशय की जानकारी वन विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों को होने के बाद भी कार्रवाई करना तो दूर पूरे मामले में पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं।

#### जांच नहीं कर रहे अधिकारी

इस मामले को लेकर जब विभागीय अधिकारी पुर्णिमा राजपुत से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका सेल फोन बंद मिला। परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पेन्द्र गोस्वामी के काल रिसीव नहीं करने के कारण उनका पक्ष नहीं मिल सका। वहीं डिप्टी रेंजर डेरहाराम सिन्हा ने बताया कि जमीन राजस्व विभाग की है या वन विभाग की इसकी जानकारीर उन्हे नहीं है। कब्जा करने की जानकारी मिलने पर नापजोख कर आरआई व पटवारी ने जमीन के राजस्व विभाग की होना बताया है।

## यादव समाज का सम्मेलन 23 को

**खुज्जी।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज सर्किल गुंडरदेही के तत्वावधान में महासम्मेलन का आयोजन खुर्सीपार में 23 अप्रैल को किया गया है। उदघाटन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी रहेंगे। अध्यक्षता समाज के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अजय यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष मन्ना यादव, महेश यादव, जिपं अध्यक्ष किरण रविंद्र वैष्णव, पद्मश्री फूलबासन यादव, कैलाश शर्मा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, दीनानाथ पटेल, गोपाल भुआर्य, दीनदयाल साहू, डॉ नीरेंद्र साहू, संतोष यादव, कुंती चौधरी, होंगे। सर्किल अध्यक्ष मुरलीप्रसाद यादव ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ श्री राधा कृष्ण मंदिर में गीता पाठ एवं पूजन से होगा। समापन अवसर पर अतिथि विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष मन्ना यादव करेंगे।

### परीक्षा परिणाम की घोषणा 30 तक

**सड़क अतरिया।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र कुमार डडसेना के निर्देशन में आगामी 30 अप्रैल से पहले परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारी चल रही है। स्थानीय कक्षाओ की परीक्षा खत्म होने के बाद उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन किया जा रहा। सभी शिक्षकों को पांच दिवस के अंदर मूल्यांकन कर पत्रक तैयार करने निर्देशित किया गया है। जानकारी अनुसार पांचवी आठवीं की केन्द्रीय कृत परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन पूर्ण हो गया है। मूल्यांकन के पश्चात रिकार्ड एवं पत्रक 25 अप्रैल तक तैयार करने निर्देशित किया गया है। परिणाम तैयार करने में पूरी सावधानी बरती जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 25 अप्रैल तक मूल्यांकन पत्रक तैयार कर 30 अप्रैल तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

### श्रीमद भागवत कथा 24 अप्रैल से



**सड़क अतरिया।** ग्राम की पूर्व सरपंच मीरादेवी वैष्णव के निवास में आगामी 24 अप्रैल से स्व शंकर्षणदास वैष्णव की स्मृति में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। गुरूवार को जल यात्रा, वेदी पूजा एवं घट स्थापना के साथ कथा का शुभारंभ होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगी। कथा वाचक आरंग निवासी नवीन कृष्ण महराज होंगे। आयोजक ने लोगों से भागवत कथा का रसपान करने की अपील किया है।

# स्वास्थ्य शिविर में 78 की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

■ शिविर में कई रोगों की हुई नि :शुल्क जांच

गंडई के नवापारा में तलाश स्वयं सेवा संस्थान ने छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के तहत आयोजित इस शिविर में 78 ग्रामीणों ने विभिन्न जांच कराया। शिविर के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो थे। इस अवसर पर खम्हन ताम्रकार, दिलीप ओगरे, मोहसिन खान, डॉ. नारायण चतुर्वेदी, अमन सोनी और संगीत चौबे उपस्थित थे। शिविर में ब्लड शुगर, एचआईवी, सिफलिस, हिमोग्लोबिन, सिकलिंग और



वीडीआरएल जैसी जांच मुफ्त में की गई। कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश साहू ने बताया कि तलाश स्वयं सेवा संस्थान के संचालक विजिताभ श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने भी अपनी सेवाएं दी। इस दौरान अभिषेक वर्मा, रानी राज लक्ष्मी तिवारी, धर्मेंद्र साहू, मानवती पटेल, डॉ. इरशाद खान, संजय कुर्रे, जागेश्वर कोते, पुष्पेंद्र मंडावी, चित्रलेखा नामदेव, स्वाति सोनी, चेनम यादव और रज्जाक खान सहित अन्य मौजूद थे।

## श्रद्धा के साथ मनाया गया कर्मी जयंती

# जयंती पर काव्य पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

रूपाकाठी में ग्रामीण साहू समाज ने कर्मा जयंती के मौके पर साकेत साहित्य परिषद सुरगी के बैनर तले कवि गोष्ठी, परिचर्चा सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि साहित्यकार कुबेरसिंह साहू थे। अध्यक्षता गीतकार अरविंद कुमार लाल ने की। विशिष्ट तिथि महेंद्र कुमार बघेल, जयकांत पटेल, जितेंद्र कुमार पटेल थे। कार्यक्रम के आरंभ में साहित्यकारों का स्वागत केदार साहू, गणेशराम साहू, हरीराम साहू, भीमराम साहू, ईश्वर साहू, कलश यादव, डिगेश्वर यादव, भूषणलाल साहू, एवन साहू, भावसिंह साहू, संतोष साहू, सुरेश हिरवानी, नेहरूराम साहू, राजकुमार साहू, टीकमलाल साहू, रामकुमार साहू, नेहरूराम साहू, हुमनलाल साहू, अशोक साहू, गौतम साहू, सालिक साहू, महेश साहू आदि ने किया।




द्वितीय सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें चंचल साहू, जयकांत पटेल, अरविंद कुमार लाल, फकीर प्रसाद साहू, कुलेश्वरदास साहू, कैलाश साहू, पन्नालाल साहू, पवन यादव, डोहरदास साहू, सुजाता साहू, कन्हैयालाल मेश्राम ने काव्य पाठ किया। संचालन ओमप्रकाश साहू ने किया। काव्य पाठ के बाद ग्रामीण साहू समाज ने साहित्यकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कन्हैयालाल मेश्राम, प्रीतम साहू, आकाश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। अंत में आभार व्यक्त केदार साहू ने किया।

#### कर्मा, अंबेडकर के आदर्शों पर मंथन

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में माता कर्मा और डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवन पर परिचर्चा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कुबेर सिंह ने कहा कि माता कर्मा ने भगवान कृष्ण की भक्ति और संगठन शक्ति के बल पर तेली समाज को एकता के सूत्र में पिरोकर रखा। महेन्द्र कुमार बघेल ने कहा कि माता कर्मा और डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी और मानव समाज में एक मिसाल बन गए। आधार वक्तव्य ओमप्रकाश साहू ने दिया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि जयकांत पटेल, जितेन्द्र कुमार पटेल ने भी संबोधित किया।

# जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत ने किया आवास का सर्वे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

पक्के मकान का सपना पूरा करने भाजपा कार्यकर्ता घर- घर दस्तक देकर गरीब परिवार का नाम आवास प्लस पोर्टल में दर्ज करा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह संड़ी पहुंच कर आवास प्लस सर्वे में शामिल हुए। उन्होंने हितग्राही का नाम पोर्टल में जोड़ कर अन्य ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने प्रेरित किया। आवास प्लस पोर्टल के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित है। सभी पात्र हितग्राहियों का नाम जोड़ने भाजपा कार्यकर्ता जुटे हैं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, खेलन वर्मा, प्रकाश वर्मा, ओमप्रकाश सहित अन्य मौजूद थे।

## निधन

### ललित जंघेल


**गंडई पंडरिया।** दौजरी निवासी



शिक्षक ललित जंघेल का 45 वर्ष की उम्र में शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वह कम्प्यूटर सेंटर के संचालक गैंदलाल जंघेल के बड़े भाई थे।

### कुमारी नामदेव

**गंडई पंडरिया।** नगर के स्व.



नारायण नामदेव की धर्मपत्नी कुमारी नामदेव का 83 वर्ष की उम्र में रविवार को निधन हो गया। वह प्रवीण नामदेव की माता थी। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# मधुमक्खियों की देवी भ्रामरी, घने जंगलों में छिपा भंवरदाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में स्थित भंवरदाह एक ऐसा अद्भुत आध्यात्मिक स्थल है, जो न सिर्फ धार्मिक श्रद्धा का केंद्र है बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी बेहद समृद्ध है। गंडई से कुछ किलोमीटर दूर मैकल पर्वत की ऊंची चट्टानों और सुरही नदी की शांत धारा के बीच घने जंगलों में छिपा यह स्थान मां भ्रामरी देवी को समर्पित है। भंवरदाह की विशेषता यह है कि यहां किसी भव्य मंदिर की स्थापना नहीं हुई है।

मां पीपल वृक्ष के नीचे विराजमान हैं और उनके दरबार में हजारों मधुमक्खियों के छत्ते मौजूद हैं। यह दृश्य इतना अलौकिक होता है कि पहली बार आने वाला कोई भी व्यक्ति भाव-विभोर हो जाता है। स्थानीय लोग इन मधुमक्खियों को मां की जीवित उपस्थिति मानते हैं। भंवरदाह तक पहुंचने के लिए गंडई से भड़भड़ी डैम होते हुए लगभग 2-3 किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता है। यह पगडंडी और उबड़-खाबड़ रास्तों से होकर गुजरता है। दो बार नदी पार करनी पड़ती है, लेकिन जब आप मां भ्रामरी की शरण में पहुंचते हैं, तो यह सफर आध्यात्मिक अनुभव में बदल जाता है, भंवरदाह न सिर्फ एक धार्मिक स्थल है, बल्कि यह आत्मा की उस यात्रा का प्रारंभिक बिंदु है, जहां भक्ति, प्रकृति और इतिहास एक साथ अनुभव किए जा सकते हैं। अगर आप भी कभी भीतर की यात्रा पर निकलना चाहें, तो भंवरदाह जरूर आइए, जहां मौन में भक्ति बोलती है, और मधुमक्खियों की गूंज में मां की उपस्थिति महसूस होती है।

### आज भी मिलता है पुरातन काल का प्रमाण

मंदिर परिसर और आस-पास आज भी दसवीं शताब्दी के शिलालेख, खंडित मूर्तियां और शिलाखंड देखे जा सकते हैं, जो यहां की ऐतिहासिक समृद्धि के गवाह हैं। मां भ्रामरी की मुख्य प्रतिमा के अलावा आसपास कई अन्य मूर्तियां मौजूद हैं, जिनका वास्तुशिल्प विश्लेषण यह दर्शाता है कि यह स्थान कभी एक समृद्ध सांस्कृतिक केंद्र रहा होगा। यह स्थान आज भी दिखावे से परे है। यहां कोई शिखर नहीं, कोई चांदी का दरवाजा नहीं, सिर्फ एक वृक्ष, और उसके नीचे जाग्रत देवी। इसी सादगी में ही भंवरदाह की खासियत छिपी है। यहॉ हर वर्ष अखंड ज्योत जलाई जाती हैं। यह परंपरा पिछले 17 वर्षों से अनवरत चली आ रही है। नौ दिनों तक जलने वाली इन ज्योतों का अंतिम दिन हवन और पूजन के साथ सुरही नदी में विसर्जन होता है। गंडई राजपरिवार के राजा और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने बताया कि जल्द ही मां भ्रामरी के इस स्थान का जीर्णोद्धार कर एक भव्य मंदिर निर्माण की योजना है ताकि आस्था के इस केंद्र को और अधिक संरक्षित किया जा सके।

### आज भी जीवित हैं सदियों पुरानी परंपराएं






### पौराणिक कथा से जुड़ी मान्यता

मान्यता है कि जब राक्षसों ने पृथ्वी पर आतंक मचाया, तब देवी ने अपने शरीर से हजारों मधुमक्खियां उत्पन्न कर उनका वध किया। तभी से उन्हें भ्रामरी देवी कहा जाने लगा। मंदिर में आज भी हजारों मधुमक्खियों के छत्ते प्राकृतिक रूप से विद्यमान हैं, जो इस मान्यता को जीवंत बनाए रखते हैं। वही इतिहासकारों और स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार दसवीं शताब्दी में यहां एक भव्य मंदिर हुआ करता था, जहां गंडई जमींदारी के राजा पूजा करने आया करते थे। कहा जाता है कि राजा अपनी दोधारी तलवार लेकर माता के दरबार जाते थे और सुरही नदी उनकी तलवार देख रास्ता दे देती थी। एक बार राजा पूजा के बाद तलवार वहीं भूल गए, जिसके बाद नदी ने कभी रास्ता नहीं दिया और धीरे-धीरे मंदिर विलुप्त हो गया।

---

## अब नई टीम संभालेगी जिले की कमान, याद रहेंगे दोनों प्रमुख

# जिले में प्रशासनिक बदलाव, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक दोनों बदले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव हुआ है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा का तबादला हो गया है। अब उन्हें संचालक पशु चिकित्सा सेवा और सीईओ, छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी जगह अब इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल जिले के नए कलेक्टर होंगे।





पुराने चंद्रकांत वर्मा का कार्यकाल भले ही ज्यादा लंबा नहीं रहा, लेकिन इस दौरान उन्होंने कई बेहतर कामों को अमलीजामा पहुंचाया और दर्जनों जनहित से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में बदलाव कर लाभार्थियों को उसका लाभ पहुंचाया हालांकि उनका ज्यादातर समय लोक सभा, विाानसभा, नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में ही लग गया, लेकिन इसके बावजूद गांवों तक योजना पहुंचाने, प्रशासनिक सख्ती और व्यवस्था सुधारने को लेकर अल्प कार्यकाल में भी लोग उनके काम को याद रखेंगे। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान अंतर्गत छुईखदान ब्लाक के सुदूर अंचल में लगातार शिविर आयोजित कर साल्हेवारा क्षेत्र में बसे अत्यंत पिछड़ी बैगा जनजातियों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में इनकी भूमिका सराहनीय रही। अल्प संसाधन होने के बावजूद भी जिला कार्यालय का संचालन बेहतरीन ढंग से किया सभी विभागों में प्रशासनिक कसावट लाते हुए इस छोटे से जिले को सुव्यवस्थित आकर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। जिले में जनदर्शन, समय सीमा आदि में प्राप्त आवेदनों का जिस ढंग से त्वरित निराकरण होता था उससे कलेक्टर व प्रशासन के प्रति आम जनमानस में इकबाल बुलंद हुआ हालांकि इस दौरान उनके बर्ताव को लेकर भी चर्चा हुई लेकिन हर बार लोगों के हित और जनहितकारी कार्यक्रमों के क्रियांवयन में लापरवाही के चलते अधिकारी कर्मचारी और कभी कभी तो कतिपय नेता भी कोप का भाजन बने।

### लक्ष्य शर्मा होंगे नए एसपी





जिले के एसपी त्रिलोक बंसल का भी तबादला कर उन्हें बघेरा एसटीएफ की कमान सौंपी गई है। त्रिलोक बंसल के कार्यकाल में नकली शराब और गौ तस्करी जैसे बड़े मामलों में जबर्दस्त कार्रवाई हुई। मुढ़ीपार के सनडोंगरी और बाजार अतरिया से सटे इलाके में नकली शराब बनाकर बचने वाले दो बड़े तंत्र का उन्होंने पर्दाफाश किया जिसमें बनाने, बेचने वाले के साथ साथ संसाधन उपलब्ध कराने वाले भी राडार में आए और उन्हें जेल जाना पड़ा। इसी तरह चांदगढ़ी इलाके मे अंतर्राज्यीय गौ तस्करों के गिरोह के खिलाफ भी उनकी कारवाई आने वाले पुलिस अधिकारियों के लिए मिसाल बन गई है। नकली शराब, चेक बाऊंस, हत्या जैसे कई मामलों में उनके अनुभव का लाभ मिला और बड़े हैरत की बात है कि उनके तबादले के बाद एक भी हत्यांकाड की फाइल नही अटकी है लगभग सारे मामलों में अपराधी जेल की सलाखों के पीछे है। उनके कार्यकाल के दौरान देवारीभांट हत्याकांड ऐसा एकमात्र बड़ा मामला है जिसके सुलझने में समय लगा बाकी लगभग सभी संगीन मामलों का उन्होंने समाधान किया। अब जिले के मणिपुर कैडर के 2016 बैच के आईपीएस लक्ष्य शर्मा जिन्हें छग कैडर में रिएलोकेट किया गया है वो नए एसपी होंगे। तेज-तर्रार अफसर माने जाने वाले लक्ष्य शर्मा को संवेदनशील जिले की कमान सौंपी गई है जिनके कांधो में जिले की कानून-व्यवस्था की मजबूती बड़ी जिम्मेदारी होगी। बहरहाल लोगों को अब नए कलेक्टर और एसपी की जोड़ी से नई उम्मीदें हैं। आने वाले समय में नई टीम जिले के विकास और कानून-व्यवस्था के लिए क्या नई दिशा तय करती लोगो को इसका बेसब्री से इंतजार है।

---

# खैरागढ़ तहसील के अंतर्गत 21 पटवारियों के बदले गए हल्का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजस्व कार्यों में कसावट लाने प्रशासनिक दृष्टिकोण से तहसील में पदस्थ 21 पटवारियों के मूल प्रभार व अतिरिक्त प्रभार में परिवर्तन किया गया है। संबंध में एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू द्वारा पटवारियों के मूल प्रभार व अतिरिक्त प्रभार में परिवर्तन को लेकर जारी आदेश अनुसार पटवारी प्रमोद चंदेल को हल्का 20 सिंगारपुर का मूल प्रभार व 18 विचारपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

लोकेश साहू को मूल हल्का 34 विक्रमपुर के अलावा 33 कोहकाबोड़ का अति प्रभार, प्रशांत चंद्राकर को मूल हल्का 11 टोलागांव के अलावा 10 जुरलाकला का अति प्रभार, कृष्ण कुमार को मूल हल्का 2 देवरी के साथ 7 चंगुर्दा का अति प्रभार, शिरिष श्रीवास्तव को मूल हल्का 6 ईटार सहित 3 भरतपुर का अति प्रभार, प्रेम कुंजाम को मूल हल्का 16 घोंघेडबरी , छेदी लाल जांगडे को मूल हल्का 32 पिपरिया सहित 35 कटंगीकला का अति प्रभार, सविता रैकवार को मूल हल्का 4 आमदनी, अंशुमान लोधी को मूल हल्का 23 सहित 24 देवारीभाठ का अति प्रभार, अमरचंद गायकवाड़ को मूल हल्का 52 पांडुका सहित 55 रेंगाकठेरा का अति प्रभार, अनिल वर्मा को मूल हल्का 51 राहूद, ज्वाला प्रसाद जंघेल को मूल हल्का 39 कांचरी सहित 40 दिलीपपुर का अति प्रभार, रवि जंघेल को मूल हल्का 46 बाजार अतरिया सहित 47 जोरातराई का अति प्रभार, दुर्योधन नायक को मूल हल्का 13 मुढ़ीपार सहित अचानकपुर का अति प्रभार, सफिर अहमद खान को मूल हल्का 30 खैरागढ़ सहित 31 अमलीपारा का अति प्रभार, आकाश सिंह राजपूत को मूल हल्का 36 अमलीडीहकला सहित 54 सलोनी का अति प्रभार, नवीन बोरकर को मूल हल्का 9 खम्हारडीह सहित 22 घोठिया का अति प्रभार, भारती शर्मा को मूल हल्का 56 जालबांधा सहित 50 बघमर्रा का अति प्रभार, योगेश्वरी कोलियारे को मूल हल्का 25 पेण्ड्रीकला सहित 26 बल्देवपुर का अति प्रभार, मनीष साहू को मूल हल्का 37 भूलाटोला सहित 53 मंदराकुही का अति प्रभार और अमित कुमार गौतम को हल्का 19 ठेलकाडीह का मूल प्रभार सौंपा गया है।

### लगातार मिल रही थी शिकायतें

गौरतलब है कि बरसो से एक ही जगह मे जमे पटवारियो के खिलाफ नामांतरण, बटांकन सहित अन्य मामलो को लेकर मिल रही लगातार शिकायतों के तहत जिला प्रशासन ने बड़ी सर्जरी की है। चार महीने पहले भी टोलागॉव हल्का में पदस्थ विवेक परगनिहा को किसान की शिकायत पर एसीबी की टीम ने रंगे हाथो गिरफ्तार किया था। जिला प्रशासन ने उस समय ही पटवारियो का प्रभार बदलने का मूड बना लिया था लेकिन अब राज्य सरकार के सुशासन तिहार को देखते हुए राजस्व संबंधी मामलों में शिकायत संख्या कम करने के मकसद से सर्जरी की गई है।

---

# कर्मा महोत्सव एवं सम्मान समारोह में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष नम्रता




■ साहू समाज के एकता और परंपराओं की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी में आयोजित तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं सम्मान समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की और क्षेत्रवासियों को कर्मा पर्व की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में नम्रता सिंह ने मां कर्मा देवी की प्रेरणादायक जीवन गाथा पर विस्तार से जानकारी साझा की। साथ ही साहू समाज के सामाजिक योगदान, एकता और सांस्कृतिक परंपराओं की भी सराहना की। इस अवसर पर अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के साहू समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही साहू समाज के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मदन साहू, मोहनलाल साहू, गिरीश साहू, गयादास साहू, धर्मेंद्र साहू योगमाया साहू, क्रांति साहू, मनीष साहू, आकाश साहू, चेतन साहू, दीनदयाल साहू, नूतन साहू, संतोष साहू, दयानंद साहू, लक्ष्मीकांत हिरवानी, विमल साहू समेत सभी परिक्षेत्र के अध्यक्षों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी गरिमामयी बना दिया।

यह कार्यक्रम सामाजिक एकता, सांस्कृतिक समरसता और समाज के प्रति सम्मान का उदाहरण रहा।

---

## खबर संक्षेप

### भवन एवं मंच का लोकार्पण आज

**तुमडीबोड़।** तेन्दूनाला में कल 21 अप्रैल को लोधी भवन एवं मंच का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू होंगे। अध्यक्षता जिला लोधी समाज के अध्यक्ष उत्तमचंद जंघेल करेंगे। विशेष अतिथि प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, जिला लोधी समाज के संरक्षक गुलाब वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, नरबद वर्मा, अनिता पंचारी, महेश वर्मा, बसंत निषाद, ठाकुरराम वर्मा, भगगुराम ठाकुर होंगे।

### हर गरीब को मिलेगा आवास योजना का लाभ



**छुरिया।** मोर दुआर- साय सरकार महाअभियान के तहत ग्राम पठानढोरगी में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव सम्मिलित हुई। इस अवसर पर आवास प्लस 2.0 अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का सर्वे कर यह सुनिश्चित किया गया कि योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद को मिले। श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि कहा कि आवास योजना से लाखों परिवारों का घर का सपना पूरा हो रहा है। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेशव्यापी मोर दुआर-साय सरकार महाअभियान के जरिए सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने ग्राम के दो व्यक्तियों के प्रधानमंत्री आवास का सर्वे किया साथ ही हितग्राही किशोरी सेन के आवास का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पर जनपद सदस्य बालमुकुंद मंडावी, बिसरू चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, मनोज निषाद, शंकर पटेल, मिलन चंद्रवंशी, मानिक, प्यारे, ललिताबाई, गंगाबाई, हिमरतबाई आदि उपस्थित थे।

---

# नव विवाहितों को सांसद पांडेय ने दिया आशीर्वाद



**राजनांदगांव।** डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम घोरदा में सांसद संतोष पांडे कोसरिया यादव समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहभागिता कर स्वजनों से आत्मीय भेंट कर संवाद किया। साथ ही नवविवाहित युगलों को मंगलमय जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। सांसद संतोष पांडे ने कहा कि सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यमों से एक-दूसरे से जुड़ने व आपसी भाईचारे बनाए रखना ही एकता का परिचय देता है। श्री पांडे ने कोसरिया यादव समाज की प्रशंसा करते कहा कि शिक्षित समाज ही उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है। समाज के होनहार युवा खेल सहित अन्य कलाओं में सक्रिय भूमिका निभाते देश-विदेश में अपना परचम लहरा रहा हैं, जो समाज का गौरव बढ़ा रहा है। ऐसे आयोजन कर सनातन गरिमा को प्रतिष्ठा देने का काम किया है। जिसके लिए यादव समाज को पुनः बधाई देता हूं। सामाजिक कार्यक्रम होने से समाज में एकता और भाईचारे कायम होती है। कार्यक्रम के दौरान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान व युवक-युवतियों और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

---

# योग एवं जीवन प्रबंधन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गायत्री विद्यापीठ में स्वामी गोरखनाथ द्वारा (जिला मुंगेर बिहार से) मार्गदर्शन दिया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कक्षा 6वीं से 12वीं के विद्यार्थी शामिल थे।

शाला के सचिव गगन लड्ढा द्वारा स्वामीजी का सारगर्भित परिचय दिया गया। उन्होंने बताया कि स्वामीजी लंबे समय से सत्यानंद योग आश्रम से जुड़े हैं। जिला मुंगेर बिहार से 75 वर्ष की आयु में भी वे हम सभी के लिए प्रेरणा स्वरूप हैं। संयमित जीवनशैली एवं योग के प्रचार-प्रसार के लिए सभी को प्रेरित करते हैं। शाला की हिन्दी विभागाध्यक्ष उषा झा के अनुसार स्वामी जी द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते जीवन कैसे जीएं? क्या हमारा आचार-व्यवहार हो, स्वस्थ व दीर्घायु जीवन के कौन-कौन से मापदंड हैं? विद्यार्थियों के क्या दायित्व हैं? मानवता का गुण क्यों आवश्यक है, हम अपनी संस्कृति से कैसे जुड़े रहे, आदि अनेक महत्वपूर्ण जानकारी उन्होंने विभिन्न उदाहरण के माध्यम से विद्यार्थियों को दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए मन का एकाग्र होना भी अति आवश्यक है, जो योग ध्यान से आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही क्रोध पर नियंत्रण से हमारी ऊर्जा अच्छे कार्यों में खर्च होती है। हम लड़ाई झगड़ों से बच सकते हैं। प्रातः जल्दी उठना, संयमित खानपान लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिदिन 11 बार गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए। इससे उनकी स्मरण शक्ति तेज होती है। आदि ऐसी अनेक महत्वपूर्ण जानकारी उन्होंने अपने प्रभावी उद्बोधन में दिया। आरंभ से लेकर अंत तक विद्यार्थी उत्साहपूर्वक स्वामीजी को सुनते रहे। बच्चों ने उन्हें शब्दशः पालन करने का आश्वासन भी दिया।

### श्रीफल व दुपट्टा देकर किया सम्मानित

शाला प्राचार्य शैलजा नायर एवं पिंकी खंडेलवाल द्वारा स्वामीजी को गुरुदेव का साहित्य, श्रीफल व दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन के लिए बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

---

## मूक जीवों की सेवा के लिए जारी मुहिम से जुड़ रहे लोग

# 150 लोगों को जलपात्र उपलब्ध करवाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




गौवंश और मूक जीवों की सेवा के लिए गौसेवक जैनम बैद का अभियान व्यापक रूप लेता जा रहा है। पार्षद व गौ करुण वरदान सेवा समिति से जुड़े जैनम बैद ने भीषण गर्मी में गौवंश और मूक जीवों के लिए जलपात्र (कोटना) उपलब्ध करवाने की मुहिम शुरू की है। अब तक इस अभियान के तहत 150 से अधिक जलपात्र उपलब्ध करवाया गया है। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष यह अभियान चलाया जाता है।

जैनम ने बताया कि भीषण गर्मी सभी के लिए बड़ा संकट लेकर आती है। इस दौरान पानी की अहमियत का पता चलता है। गौवंश और मूक जीवों के पास अपनी प्यास बुझाने का कोई उपाय नहीं रह जाता। इस दौरान बचा हुआ पानी का हर स्त्रोत उनसे दूर होता है। इसे देखते हुए उनकी सेवा के उद्देश्य से इस अभियान की शुरूआत की गई थी। इस वर्ष 150 से अधिक लोगों को कोटना उपलब्ध करवाकर जीव सेवा की प्रतिज्ञा दिलवाई गई है। यह जलपात्र मात्र सौ रुपए के मामूली शुल्क के साथ दिया जा रहा है। बाजार में इसकी कीमत 300 रुपए है।

### जल बचाने के अभियान से जुड़े

उन्होंने कहा कि वर्तमान में शहर में जलसंकट की स्थिति है, जो बढ़ती जा रही है। इस प्रतिकूल समय में नागरिकों को पानी की फिजूलखर्ची से बचना चाहिए, जो बोर का इस्तेमाल कर रहे हैं वे भी अनावश्यक जल खर्च न करें। जैनम ने कहा कि जलपात्र भी उन व्यक्तियों को दिया जा रहा है, जो इसका प्रतिदिन उपयोग करें। उन्होंने कहा कि ये दौर सभी जीवों के लिए मुश्किल है, इसलिए अपने भीतर सेवाभाव प्रबल रखें और जल बचाने के अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

---

# पीटेमेटा में देवगुड़ी स्थापना व गोटा पोलो पर्व में शामिल हुए विधायक मंडावी



**मोहला।** मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी गत दिवस सीतागांव क्षेत्र में हालोरा पंचायत अंतर्गत पीटेमेटा के दौरे पर रहे। गांव में देवगुड़ी स्थापना एवं गोटा पोलो पर्व का अवसर था। जिसमें ग्रामीणों ने विशेषकर विधायक मंडावी को आमंत्रित किया था। इस अवसर पर झाड़ के नीचे चौपाल लगाकर विधायक ने ग्रामीणों से बातचीत किया एवं उनकी समस्याओं को सुना तथा समाधान का प्रयास किया। ग्रामीणों ने गांव में आंगनबाड़ी भवन निर्माण, एनीकट निर्माण तथा सामुदायिक भवन निर्माण की मांग की, जिसे विधायक ने हरसंभव पूरा करने का भरोसा दिलाया।

### देवगुड़ी एवं रंगमंच का लोकार्पण

विधायक ने विधायक निधि मद से निर्मित रंगमंच 2 लाख एवं देवगुड़ी स्थल निर्माण 1.50 लाख का लोकार्पण किया। विधायक इंद्रशाह मंडावी पहले विधायक हुए जिन्होंने सर्वप्रथम पीटेमेटा का दौरा किया। पहली दफा गांव वालों ने विधायक से खुद के गांव में रूबरू हुए तो उन्होंने विधायक से बहुत सारे घोषणा करवा डाले। विधायक ने भी ग्रामीणों की मांग को अमल में लाते सड़क निर्माण एवं पुल-पुलिया का सौगात दिया। सीतागांव-आमाकोड़ो तरफ से पुलिया का निर्माण हो गया है एवं सड़क निर्माण भी स्वीकृत हो चुका है। साथ ही सीतागांव-टाटेकसा तरफ से भी सड़क निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इस तरह से विधायक के प्रयास से दुर्गम पीटेमेटा भी अब आवागमन के साधन के बाद आसान पहुंच हो जाएगी। गांव में विद्युत विस्तार का कार्य भी पूर्ण हो चुका है, जहां मीटर में कनेक्शन देना बस बाकी रह गया है।

## सार समाचार

### स्वच्छता दीदियों का सम्मान

**राजनांदगांव।** मां पाताल भैरवी मंदिर समिति लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में जनसहयोग और जनहित के काम करते आ रही है, फिर वह माओवादी



प्रभावित दूरस्थ वनांचल क्षेत्र हो या फिर शहरी क्षेत्र हो। इसी कड़ी में पुनः शासकीय मेडिकल कॉलेज सह-अस्पताल में मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश मारू और पत्रकार कमलेश सिमनकर ने मेडिकल कॉलेज में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी की 70 स्वच्छता दीदियों को साड़ी देकर उनका सम्मान किया। साथ ही मेडिकल कॉलेज सह-अस्पताल में समय-समय पर अज्ञात मरीजों के लिए पुरूष वर्ग के लिए टी-शर्ट और कैप्री और महिला मरीजों के लिए गाउन कपड़े और डाइपर के पैकेट छोड़ते आ रहे हैं। मरीजों को इन कपड़ों को पहनवा देने से मरीज स्वयं साफ-सुथरा और सहज महसूस करता है।

साथ ही डॉक्टर को भी इलाज करने में आसानी हो जाती है। आज भी उन अज्ञात मरीजों के लिए टी-शर्ट और कैप्री दी गई। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के सहायक अधीक्षक डॉ. पवन जेठानी, डॉ. प्रकाश खूंटे, मेटास कंपनी के सुपरवाइजर पवन साहू, प्रताप सिन्हा, ओमदास सार्वा, महिला सुपरवाइजर शेख नाजनीन उपस्थित थे।

### अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, झाड़ियों में छुपाया था शव

# पत्नी, आशिक और दोस्त ने की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मानपुर के उरझे गांव से मोहला विकासखंड के ग्राम बोगाटोला शादी समारोह में पहुंचे युवक की बोगाटोला-बिरझूटोला के बीच खार में हत्या कर शव झाड़ी में छुपा देने के मामले में मोहला पुलिस के सिलसिलेवार जांच में चौका देने वाले खुलासों के साथ इस हत्याकांड से जुड़े मृतक की पत्नी, उसके प्रेमी तथा प्रेमी के दोस्त को हिरासत में लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि 16 अप्रैल की देर शाम मोहला पुलिस थाना को सूचना मिली कि ग्राम बिरझूटोला के खार में रोहित सलामे के खेत में एक व्यक्ति का शव झाड़ी में छुपाया हुआ मिला है। सूचना पर तत्काल एक्शन लेते हुए एसपी यशपाल सिंह के निर्देश में मोहला थाना प्रभारी कपिलदेव चंद्रा के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें युवक के शव के संदर्भ में जांच में जुटी। पूछताछ के दौरान बोगाटोला निवासी ससुर अकबर सिंह मृतक के शव को पहचान करते हुए दामाद संजू उर्फ संजीव कुमार मांझी ग्राम उरझे थाना मानपुर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के रूप में पहचान की।



#### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

प्रारंभिक पोस्टमार्टम जांच में डॉक्टर ने मृतक की मृत्यु गला दबाने से श्वास अवरोध होने से मृत्यु होना करना लेख किया। पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज करते हुए शव को छुपाकर रखने पर अपराध धारा 103(1), 238 बीएनएस का अपराध घटित पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। जिसके बाद तीन आरोपी हिरासत में लिए गए।

#### इन्हें लिया गया हिरासत में

हत्या के मामले में मृतक युवक की पत्नी, युगल कुमार कुंजाम पिता नरसिंग कुंजाम उम्र 19 साल निवासी ग्राम कोलाटोला थाना मोहला, धर्मेंद्र मंडावी पिता सुंदर मंडावी उम्र 24 साल निवासी ग्राम कोलाटोला थाना मोहला को हिरासत में लेकर मोहला पुलिस ने जेल भेजने की कार्रवाई की है।

#### अवैध संबंधों के चलते हत्या

संदेहियों से पूछताछ किया गया। उपरोक्त आरोपी द्वारा बताया गया कि युगल और मृतक की पत्नी के बीच छह माह से प्रेम संबंध था। मृतक संजू उर्फ संजीव कुमार मांझी को पता चलने से अपनी पत्नी से मारपीट करता था। जिससे मृतक की पत्नी ने 13 अप्रैल को अपने प्रेमी और उसके दोस्त के साथ मिलकर मर्डर का प्लानिंग किए। उस दिन मृतक के चाचा के बेटी की शादी में प्रेमी ने उसके दोस्त के साथ रात करीबन 2 बजे से 2.30 बजे के बीच संजीव को शराब पीने के बहाने मोटर साइकिल में बैठाकर आमाडुला से बोगाटोला जाने वाली सड़क पर बने पुल के पास ले जाकर शराब पिलाए। दोनों युवकों ने मृतक संजू के गले में रखे गमछा से गला घोटकर हत्या किए और आरोपियों ने घटनास्थल से करीब एक किमी दूरी पर बिरझुटोला के खार में खेत के किनारे सूखी झाड़ी से छिपा दिए।

### राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी को दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने कहा कि दादी रतनमोहिनी यज्ञ की आधार स्तंभ थी। उनका योगयुक्त जीवन सबके किए प्रेरणादाई थी। दादी निरंतर शिव बाबा की याद में रहती थी। जिससे उनका जीवन हजारों भाई-बहनों के लिए तपस्या की एक मिसाल बन गई। दादी यज्ञ के प्रति वफादार, कर्मठ तथा एकानामी की अवतार थी। ज्ञात हो कि ब्रह्माकुमारीज माउंट आबू की मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी ने गत 8 अप्रैल को अपना नश्वर देह का त्याग कर शिव बाबा की गोद ली। इस अवसर पर उनका श्रद्धांजलि कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव के ज्ञान मानसरोवर में 20 अप्रैल को सुबह 8 बजे रखा गया था। इस अवसर संस्था के हजारों भाई-बहनों ने वहां पहुंचकर दादी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## शेरपा में निकली कलश जल यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत सीता के आश्रित ग्राम कनहरटोला एवं शेरपा में कलश जल यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में पद्मश्री फुलबासन यादव ने महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों एवं विभिन्न ग्रामों से पहुंचे ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए संकल्प दिलाया। पद्मश्री फुलबासन यादव ने कहा कि आने वाले पीढ़ी के लिए हमें जल को संरक्षित रखना होगा। सभी नागरिकों को पौधरोपण के साथ हर घर में सोक पिट बनाना होगा। जिससे जल का संरक्षण किया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ द्वारा जल संरक्षण एवं गांव में तालाब व डबरी निर्माण, नालों के चेक टाइम निर्माण कर जल का संचय करने प्रेरित किया गया। डीईओ द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी एवं जल संरक्षण की दिशा में विशेष कार्य करने महिला स्वसहायता समूह को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## धामनसरा में 26 को मितान लोक महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में 26 अप्रैल को ग्राम धामनसरा में मितान लोक महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव करेंगे। विशेष अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, अंगेश्वर देशमुख, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, जनपद सदस्य हर्षिता अभिषेक चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य रोशनी योगेंद्रदास वैष्णव और सरपंच गौरी कृत पटेल उपस्थित रहेंगे।

उक्त जानकारी देते मितान के अध्यक्ष राजेश मारू ने बताया कि छठवां मितान लोक महोत्सव 2025 में छत्तीसगढ़ की समृद्धशाली लोककला एवं संस्कृति की छंटा बिखरेगी। इस प्रदर्शनकारी लोक मंचीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध देवी जस गायक दुकालू यादव, लोक गायिका अलका चंद्राकर, पंडवानी गायिका तरूणा साहू, लोक गायक पं. विवेक शर्मा, लोक गायिका कंचन जोशी, लोक गायिका आरू साहू और लोक गायक राजेश सेन सतरंगी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा



हास्य कलाकार घेवर यादव और भोला साहू और छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार शिवा साहू भी दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। लोक सांस्कृतिक मंच लोक प्रयाग राजिम, संगी के मया गुंडरदेही और मोर मयारू संगी टेडेसरा के सिद्धहस्त कलाकार नृत्य और भावपक्ष में अपना हुनर दिखाएंगे। संगीत उग्रसेन देवदास (गुड्डू) एवं साथियों का होगा। जबकि कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संजय मैथिल करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 7 बजे ग्राम धामनसरा की रामधुनी से होगी। जबकि कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति अमर ज्योति नाच पार्टी मोहला की छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य नाचा की होगी। मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष राजेश मारू और धामनसरा सरपंच गौरी कृत पटेल ने लोगों से मितान महोत्सव 2025 में शामिल होकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाने की अपील की है।

## मोतीपुर रामनगर में लगी पानी टंकी, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रीष्म ऋतु में मार्च माह से ही मोहारा शिवनाथ नदी का जलस्तर कम होने से पानी सप्लाई में व्यवधान हो रहा है। नगर निगम द्वारा सुचारू पेयजल सप्लाई हेतु प्रयास किया जा रहा है, जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या हो रही है वहां टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई की जा रही है तथा सिंटेक्स टंकी भी लगाया जा रहा है। इसी कडी में वार्ड नं. 8 मोतीपुर रामनगर में पानी की समस्या पर सिंटेक्स टंकी लगाया गया। जिसका महापौर मधुसूदन यादव द्वारा पूजा-अर्चना कर रामनगर वासियों की उपस्थिति में टंकी से पानी सप्लाई चालू की गई। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, पार्षद मनोहर यादव, पार्षद कमलेश बंधे उपस्थित थे।

महापौर यादव ने कहा कि गर्मी बढ़ने के कारण नदी का जलस्तर कम हो गया है। जिससे कठिनाई तो हो रही है, लेकिन पेयजल जैसे महत्वपूर्ण कार्य को ध्यान में रखकर पर्याप्त पानी सप्लाई करने नगर निगम द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नदी का जल स्तर बढ़ाने मटियामोती जलाशय से लगातार पानी लिया जा रहा है। परिस्थिति अनुसार मोंगरा जलाशय से भी पानी लिया जाएगा। वर्तमान में दो दिन में तीन समय पानी सप्लाई की जा रही है। वहीं कम प्रेशर व पानी की समस्या वाले क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई की जा रही है तथा कुछ स्थानों पर सिंटेक्स टंकी भी लगाया जा रहा है।



#### पानी का अपव्यय रोके

पार्षद मनोहर यादव एवं रामनगर की महिलाओं ने टंकी लगने पर महापौर का आभार व्यक्त करते कहा कि आपके प्रयास से पानी की समस्या से राहत मिला। इस पर महापौर यादव ने कहा कि पानी की समस्या से हम सबको मिलकर निपटना है, इसके लिए सभी को जागरूक होना है और आवश्यकतानुसार ही पानी का उपयोग करना है। किसी भी परिस्थिति में पानी का अपव्यय नहीं करना है।

#### लगाया गया सिंटेक्स टंकी

महापौर ने कहा कि रामनगर में पानी की समस्या को ध्यान में रखकर सिंटेक्स टंकी लगाया गया। जिसके माध्यम से रामनगरवासी किसी भी समय पानी भर सकते हैं। सिंटेक्स टंकी भरने बोर में पंप लगाया गया है। जिससे टंकी समय पर भरी जाएगी और लोगों को पानी भरने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लखोली में दो स्थानों पर दुर्गा चौक मंगल भवन के पास व शीतला मंदिर के पास भी सिंटेक्स टंकी लगाई गई है। जिससे वहां निवासरत लोगों को पानी मिल सके। इसी प्रकार आवश्यकतानुसार सिंटेक्स टंकी अन्य स्थानों पर भी लगाई जाएगी।

## बाइक खंबे से टकराई युवक मृत, एक घायल

**राजनांदगांव।** बाइक में सवार होकर दो युवक जा रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सीमेंट खंबे से जा टकराई। जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 अप्रैल को ग्राम अंडी निवासी परमेश्वर उर्फ पोषण कंवर उम्र लगभग 20 वर्ष अपने साथी योगेश वर्मा के साथ बाइक में सवार होकर डोंगरगढ़ आया हुआ था, जहां से दोनों बाइक में वापस गांव जाने निकले हुए थे। बताया गया कि वे ग्राम चिद्दो रोड एफसीआई गोदाम के सामने मोड के पास पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सीमेंट के लगे खंबे से जा टकराई।

#### घायल का इलाज जारी

पुलिस के अनुसार इस घटना में बाइक सहित सवार गिर गए। जिससे परमेश्वर उर्फ पोषण कंवर को गंभीर चोंटे आई थी और उसकी मृत्यु हो गई। वहीं बाइक सवार अन्य योगेश वर्मा को चोंटे आई है, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### नरबदिया साहू का निधन



**राजनांदगांव।** सोनेसरार सुखरी निवासी श्रीमती नरबदिया साहू का निधन हो गया। वे अपने पीछे नाती-पोता सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रद्युमन साहू ने दी। श्रीमती साहू वर्तमान सरपंच घनश्याम साहू की दादी थी।

## 14 विद्यार्थी नेशनल अंडर आर्म क्रिकेट स्पर्धा में चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल टीम ने डोंगरगढ़ की टीम को राज्य स्तरीय अंडर आर्म क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में हराकर राष्ट्रीय अंडर आर्म क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। टीम शिमला में 8 से 11 मई तक आयोजित राष्ट्रीय अंडर आर्म क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने कोच सुधीर कुमार सिंह और मैनेजर नवनीत द्विवेदी के साथ रवाना होगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय अंडर आर्म क्रिकेट में युगांतर ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 15 ओवर में 177 रन बनाई। इस विशाल स्कोर में अभिनव भारद्वाज ने 52, साई संत ने 39, मनीष दिनकर ने 17 रन का योगदान दिया। डोंगरगढ़ की टीम ने इस लक्ष्य का पीछा करते निर्धारित



15 ओवर में 120 रन में ऑल आउट हो गई। युगांतर के वंश पांडे ने 2 ओवर में 11 रन देकर 5 विकेट लिए। इसी तरह इरिष अग्रवाल, त्रिलोचन धृतलहरे ने 2-2 विकेट तथा देवांग भाटिया ने 1 विकेट लेकर जीत की इबारत लिखी। डोंगरगढ़ की टीम कोच बाबू राव जनबंधु तथा मैनेजर ओमेश्वर वर्मा के मार्गदर्शन में प्रभावी खेल का प्रदर्शन किया। टीम के रोशन रोय को बेस्ट ऑल राउंडर तथा देवांश साहू को बेस्ट बालर के खिताब से नवाजा गया। इसी तरह युगांतर के अभिनव भारद्वाज को बेस्ट ऑल राउंडर, वंश पांडे को बेस्ट बालर के खिताब से नवाजा गया। युगांतर के तन्मय को बेस्ट कैच ऑफ टूर्नामेंट, साई संत को बेस्ट फिल्डर ऑफ द मैच, वंश पांडे को मैन ऑफ द मैच, अभिनव भारद्वाज को मैच ऑफ द सिरीज, त्रिलोचन को मैच ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह राज्य स्तरीय अंडर आर्म क्रिकेट प्रतियोगिता युगांतर में 19 से 20 अप्रैल तक आयोजित हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ की आठ टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में युगांतर का प्रदर्शन शानदार रहा।

फाइनल मैच में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी प्रेसीडेंट अंडर आर्म क्रिकेट एसोसिएशन, अशोक मेहरा सेक्रेटरी अंडर आर्म क्रिकेट एसोसिएशन, प्राचार्य डॉ. मधु पोनुगोटी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन तथा फाइनल मैच की शानदार कमेंट्री हिन्दी के विभागाध्यक्ष वीएन राय ने की।

### शिवनाथ में नहाने गए बालक की डूबने से मौत

**राजनांदगांव।** दोस्तों के साथ शिवनाथ नदी में नहाने के लिए गए एक बालक की डूबने से मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। इस दुखद घटना से मृतक के परिजनों में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दिनदयाल कालोनी चिखली निवासी नोमित मंडावी पिता सहदेव मंडावी 12 वर्ष अपने पांच छह दोस्तों के साथ आज सुबह नहाने के लिए शिवनाथ नदी आक्सीजोन के पास गया हुआ था। बताया गया कि नहाते वक्त नोमित नदी के पानी में डूब गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सुरगी पुलिस चौकी ने मर्ग कायम किया है। इधर इस घटना की खबर से चिखली दिनदयाल कालोनी क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।




## हिन्दू युवा मंच ने जीता रात्रिकालीन 7-ए साइड फुटबॉल स्पर्धा का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव में काका फुटबॉल द्वारा आयोजित 7-ए साइड रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच गुरुवार को स्थानीय स्टेट हाईस्कूल में खेला गया। फाइनल मैच हिन्दू युवा मंच और सुपर स्ट्राइकर्स के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमें एक-दूसरे के गोलपोस्ट पर लगातार गोल करने प्रयास करते नजर आए, लेकिन निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। इस कारण मैच का निर्णय ट्राइब्रेकर से हुआ। जिसमें हिन्दू युवा मंच 1-0 से विजेता रही।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने अपनी उपस्थिति दी। राजपूत का जन्मदिन भी होने के कारण आयोजन समिति द्वारा केक काटकर उनको जन्मदिन की बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस प्रतियोगिता में एमआईसी मेंबर राजा माखीजा, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा समेत तमाम प्रबुद्धजन और खेलप्रेमी जनता उपस्थित रही।







#### प्रतिभा दिखाने का अवसर : कोमल

कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि काका फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता राजनांदगांव के फुटबॉल के इतिहास में एक नए अध्याय को जोड़ती है। इस प्रतियोगिता ने खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया और दर्शकों को रोमांचक मैचों का आनंद लेने का मौका दिया। आयोजन समिति को इस सफल प्रतियोगिता के लिए बधाई दी जानी चाहिए।

#### अन्य पुरस्कार

प्रतियोगिता में अन्य पुरस्कार भी दिए गए। जिनमें गोल्डन बूट पूर्वांश को, बेस्ट स्ट्राइकर्स प्रवेश कनेरिया को, बेस्ट गोलकीपर नयन को, बेस्ट डिफेंडर सन्नी घोरदा को और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सूर्यांश सिंह को दिया गया।

#### आयोजन की तारीफ

मैच के रेफरी मयूर हथेल और टीएस रंधावा थे। जबकि टेक्निकल टेबल पर डॉ. एमटी भद्र और राहुल देवांगन ने अपनी सेवाएं दी। सभी लोगों ने आयोजन की तारीफ की और कहा कि यह प्रतियोगिता राजनांदगांव के फुटबॉल के खेल व खेलप्रेमियों के लिए एक नए अध्याय को जोड़ती है।

#### विजेता टीम को पुरस्कार

विजेता टीम को 71,000 रुपए नगद और ट्रॉफी दी गई। जबकि उपविजेता टीम को 41,000 रुपए नगद और ट्रॉफी दी गई। प्रतियोगिता की विजेता टीम के ओनर अरविंद तिवारी और कोच किशोर माहेश्वरी ने अच्छी प्रतियोगिता कराने के लिए आयोजन समिति को बधाई दी और 10,000 रुपए नगद सहयोग के रूप में दिए।



**सौगात:** डिप्टी सीएम ने दो नई अग्निशमन वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया

# अग्नि सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम, श्री शर्मा के प्रयासों से कबीरधाम को बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन मंशा और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले को आज अग्निशमन के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। जिले को तेल, गैस, बिजली या अन्य अति ज्वलनशील कारणों से उत्पन्न होने वाली आगजनी की घटनाओं से त्वरित और प्रभावी रूप से निपटने के लिए अत्याधुनिक फोम वेंडर सहित अधिक क्षमता वाली दो नई अग्निशमन वाहन प्राप्त हुई हैं। इनमें से एक फायर ब्रिगेड वाहन फोम वेंडर यूनिट है, जो जिले को पहली बार उपलब्ध हुई है। इसकी क्षमता 6000 लीटर है, जिसमे 500 लीटर फोम टैंक तथा 5500 लीटर पानी टैंक क्षमता है। इसी प्रकार दूसरी बड़ी फायर ब्रिगेड वाहन की क्षमता 6000 लीटर पानी की है। दोनों वाहन तकनीकी एवं अत्याधुनिक दृष्टि से लैस है। विजय शर्मा ने रविवार को अपने कवर्धा प्रवास के दौरान इन दोनों फायर ब्रिगेड वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जिला अग्निशमन कार्यालय को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कबीरधाम जिला हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है। शासन की जनहितकारी सोच के अनुरूप जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सड़क और अग्निशमन जैसे मूलभूत ढांचों को लगातार सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा हमारी सेवा है, इसी भाव से विष्णुदेव साय की सरकार सुशासन के साथ काम कर रही है।



## आपात स्थिति से निपटने में बड़ी सुविधा

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरीय साहू ने कहा कि कवर्धा जिले के लिए अग्निशमन सेवा की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे जिले में विशेष रूप से गर्मी के मौसम में आगजनी जैसी आपात स्थितियों से निपटने में बड़ी सुविधा होगी। इस सुविधा से न केवल जिले की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है, बल्कि आम नागरिकों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही प्रगति का श्रेय मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री को जाता है, जिनके कुशल नेतृत्व में राज्य तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। कवर्धा जिला अब नक्सल मुक्त हो चुका है और बस्तर संभाग में भी नक्सलवाद की समाप्ति की दिशा में सफलता मिल रही है। श्री साहू ने कहा कि यह सब राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों और मजबूत प्रशासनिक इच्छाशक्ति का परिणाम है, जिससे प्रदेश में शांति, सुरक्षा और विकास की एक नई दिशा स्थापित हो रही है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयासों से जिले की सुरक्षा व्यवस्था में एक और सशक्त कड़ी जुड़ी है। इससे आगजनी जैसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने में सहायता मिलेगी और आम नागरिकों को बड़ी राहत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे जिलेवासियों के मन में विश्वास और सुरक्षा की भावना भी मजबूत हुई है। राज्य सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे विकास और सुरक्षा संबंधी कार्यों से जिले की छवि और भी सशक्त हुई है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने इस पहल को जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। वही उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कबीरधाम जिला गन्ना उत्पादक क्षेत्र है, जहां गर्मी के मौसम में आग लगने की संभावनाएं बनी रहती हैं। इस गंभीर विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया, जिस पर संवेदनशीलता दिखाते हुए मुख्यमंत्री ने तत्परता से 27 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 20 अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनमें से दो वाहन कबीरधाम जिले को आवंटित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन का उपयोग भी किया जा रहा है। उन्होंने एनडीआरएफ की टीमों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि फायर फाइटिंग दल के कठिन परिश्रम से लोगों की जान-माल की सुरक्षा होती है। उन्होंने अग्निशमन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि भविष्य में इस दिशा में और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि रायपुर डिविजन के प्रभारी कमांडर पुष्पराज सिंह ठाकुर को कवर्धा की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है और उनके नेतृत्व में अग्निशमन व्यवस्था को और सशक्त बनाया जाएगा। यह उपलब्धि न केवल जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी, बल्कि आपदा प्रबंधन में भी एक मजबूत आधार तैयार करेगी। श्री शर्मा ने बताया कि इन दो नई गाड़ियों के आगमन के साथ अब कबीरधाम जिले में कुल 8 अग्निशमन वाहन हो गए हैं। जिला अग्निशमन कार्यालय में अब चार दमकल वाहन हैं, जबकि शेष चार वाहन नगर पालिका पंडरिया, नगर पंचायत बोड़ला, सहसपुर लोहारा और पांडातराई में पहले से ही कार्यरत हैं। कवर्धा नगर पालिका की 2 दमकल वाहन जिला नगर सेनानी को हैंडओवर है। अब इस तरह जिला मुख्यालय में 4 दमकल वाहन उपलब्ध रहेगा। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चन्द्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# शालेय राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में भावेश का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 68 वीं शालेय राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल जूनियर बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में दिनांक 22 से 27 अप्रैल तक होने जा रहा है जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की टीम सम्मिलित हो रही है जिसके लिए छत्तीसगढ़ के बालक टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से भावेश चंद्रवंशी का चयन हुआ है जो अशोका पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत है यह टीम 19 अप्रैल को बिलासपुर के रेल्वे स्टेशन से रवाना हुए वही अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि हमारे अकेडमी के खिलाडियों ने खेल के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है और प्रदेश व जिले का नाम रौशन कर रहे है।

वहीं भावेश चंद्रवंशी का चयन राजनांदगांव जिले में आयोजित हुए राज्य स्तरीय बेसबॉल जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में दुर्ग जोन के द्वारा कांस्य पदक लगाया गया था जिनमें भावेश का प्रदशर्न उत्कृष्ट रहा था जिससे इसका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया है जो हमारे अकेडमी के लिए गौरव की बात है जो अब बेसबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिल्ली में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन करेगा।

वहीं अकेडमी के खिलाड़ी भावेश चंद्रवंशी का राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में चयनित होने के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला वनमण्डल अधिकारी शशी कुमार, जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मेंद्र सिंह, रायपुर पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, अकेडमी के संस्थापक राजापीयूष टाटीया, क्रीड़ा अधिकारी दिनेश साहू, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन श्री पवन देवांगन,वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त स्टॉप ने बहुत-बहुत बधाई दिए एवं उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।

## कबीरधाम जिले के खिलाडियों का जोन न बनने से हो रहा है नुकसान

**हरिभूमि कवर्धा ।** कबीरधाम जिले के खिलाड़ी विगत कई वर्षों से लगातार सभी खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है परंतु जब से कबीरधाम को जोन से हटाया गया है तब से खिलाडियों का नुकसान हो रहा है कोविड के पहले कबीरधाम दो साल तक जोन रहा जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ में पदक लगाने में कबीरधाम द्वितीय स्थान पर रहा है पर केविड के बाद से कबीरधाम को जोन से हटा दिया गया है जिससे खिलाडियों का लगातार नुकसान हो रहा है पहले कबीरधाम, बेमेतरा और मुंगेली ये तीन जिले मिलकर कबीरधाम जोन के नाम से खेलते थे। परन्तु वर्तमान में दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, मानपुर मोहला, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, बेमेतरा और कबीरधाम ये सात जिले मिलकर दुर्ग जोन के नाम से खेलते है जिससे कबीरधाम के खिलाडियों का राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर चयन बहुत कम होता है इसके लिए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री को भी आवेदन दिया जा चुका है कबीरधाम को वापस जोन बनाने के लिए परन्तु खेद का विषय है अभी तक इस विषय पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है और ऐसे ही चलता रहा तो आने वाले सत्र में भी कबीरधाम के खिलाडियों का नुकसान होना तय है । वही कवर्धा में एक मात्र आउटडोर स्टेडियम है जिसमें राज्यस्तरीय प्रतियोगिता होने पर वहां खिलाडियों को रुकवाया जाता था पर पहले उसे केंद्रीय विद्यालय को दे दिया गया अब वर्तमान में उसे विधायक कार्यालय बना दिया गया है जिससे प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाडियों को रुकवाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वहीं पीजी कॉलेज में बन रहे आउटडोर स्टेडियम भी अभी तक अधूरा है जिसमें प्रशासन राजनीतिक कार्यक्रम और शादियों के लिए इस्तेमाल करता है पर खिलाडियों के हित के लिए ऐसा कोई कार्य नहीं कर रहे है जिससे कबीरधाम के खिलाडियों का हित हो।

# जिला गोंड समाज सेवा समिति के पुन जिलाध्यक्ष मनोनीत: राजा योगेश्वर राज सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला गोंड समाज सेवा समिति के नवीन प्रबंध कार्यकारिणी के पुनर्गठन हेतु आम सभा का आयोजन रविवार को आदिवासी मंगल भवन कवर्धा में हुआ। आम सभा में जिला महासचिव डॉ संतोष धुर्वे ने अपने कार्यकाल विगत तीन वर्षों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आय व्यय लेखा जोखा प्रस्तुत किया। आम सभा में आय व्यय का सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया, पश्चात नवीन प्रबंध कार्यकारिणी के पुनर्गठन की प्रक्रिया किया प्रारंभ हुआ। जिसमें राजा योगेश्वर राज सिंह को उपस्थित सभी समाज व समाज प्रमुखों ने सर्व सम्मति से जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। जिससे जिला गोंड समाज में भारी हर्ष का माहौल। सभी समाज प्रमुखों ने दी बधाई व आम सभा में मुख्यरूप से कवर्धा युवराज मैकलेश्वर राज सिंह, जमींदार तारकेश्वर मरकाम, सीआर राज साहब, मनोहर धुर्वे, नंदलाल मरावी, मीनाक्षी आसकरण धुर्वे, मानकुंवर धुर्वे सहित सैकड़ों की संख्या में गोंड समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## पंडरिया पुलिस की अवैध चखना दुकानों पर संयुक्त कार्यवाही



**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निर्देश पर अवैध चखना दुकानों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में राजस्व, पुलिस तथा नपा की संयुक्त टीम द्वारा नगर पंचायत पाण्डातराई एवं नगर पालिका पंडरिया क्षेत्र में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को नपा पंडरिया क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित चखना दुकानों पर सघन जांच एवं कार्यवाही की गई। कार्यवाही के तहत कई दुकानों को सीलबंद किया गया, साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर अर्थदंड भी आरोपित किया गया। इसके अतिरिक्त दुकानों में पाए गए अवैध सामग्री की जब्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही साथ प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की सख्ती जारी रहेगी तथा अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि वे नियमों का कड़ाई से पालन करें एवं अनुशासन बनाए रखें, अन्यथा नियमानुसार

# नपाध्यक्ष की अगुवाई में राधाकृष्णा तालाब में श्रमदान

## तालाबों को स्वच्छ बनाने सर्वसमाज ने निभाई अपनी सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के तालाबों का संरक्षण व संवर्धन करने की सोंच को लेकर सप्ताह के प्रत्येक रविवार को तालाबों में चलाये जा रहे सफाई अभियान का दूसरा पड़ाव आज पुनः राधाकृष्णा मंदिर बड़े तालाब में किया गया। तालाब की सफाई के लिए समाज प्रमुखों ने अपनी विशेष भागीदारी निभाते हुए तालाबों को स्वच्छ बनाने की दिशा में किये जा रहे पहल को अद्वितीय बताया।

समाज प्रमुखों ने तालाबों की संरक्षण व संवर्धन को लेकर नगर पालिका द्वारा किए जा रहे कार्य के लिए बधाई दिये। वही श्रमदान से मिलती है संतुष्टि-चंद्रप्रकाश नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित कवर्धा के संकल्प के साथ शहर के तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है आने वाले रविवार को भी इसी तालाब में साफ-सफाई अभियान चलाया जायेगा।

उन्होनें बताया समाज प्रमुखों के साथ मिलकर श्रमदान करके सफाई करने में एक अलग संतुष्टि की प्राप्ति होती है उन्होनें कहा कि जब तक राधाकृष्णा मंदिर बडे तालाब पूर्ण रूप से सफाई नही हो जाता, तब तक अभियान इसी तालाब में चलाया जायेगा। राधाकृष्णा मंदिर तालाब पूर्ण रूप से सफाई हो जाने के बाद अन्य तालाबों की सफाई की शुरूवात की जायेगी। समाज प्रमुखों ने कहा-नपाअध्यक्ष साथ के कदम से कदम मिलाकर चलेगें राधाकृष्णा मंदिर बड़े तालाब में श्रमदान करने पहुंचे समाज प्रमुखों ने नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान को सराहा।

समाज प्रमुख के लोगों ने खुशी जाहिर किया कि इस अभियान में हम सभी को शामिल किया। 'स्वच्छ, सुंदर, विकसित कवर्धा बनाने का संकल्प लेने वाले नगर पालिका अध्यक्ष के साथ हम सभी कदम से कदम मिलाकर चलेगें। सब मिलकर श्रमदान करेगें तो निश्चित ही कवर्धा की पहचान दूर तलक तक जायेगी। तालाबों का संरक्षण न केवल हमारे जल स्त्रोतों को संरक्षित करता है, बल्कि शहर की सुंदरता और पारिस्थितिकी संतुलन को भी बनाए रखता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, श्रीकांत उपाध्याय, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, दीपक ठाकुर, सचिन अग्रवाल, उमेश पाठक, लायंस क्लब, यूथ क्लब सहित अधिक संख्या में अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### संरक्षण और संवर्धन में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका

नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया तालाबों का संरक्षण व संवर्धन किये जाने हेतु समाज प्रमुखों को निवेदन किया। मेरे निवेदन स्वीकार कर समाज प्रमुखों ने मुझे और मेरे नगर पालिका परिवार सहयोग करने का पूर्ण आश्वासन दिया। साथ ही सुबह 6 बजे से तालाबों में समाज प्रमुखो ने पहुंचकर अपना श्रमदान किया। उन्होनें बताया कि साहू समाज से जिलाध्यक्ष पतिराम साहू, पूर्व विधायक व संसदीय सचिव डॉ.सियाराम साहू, जैन समाज से प्रेमचंद श्रीमाल, श्रीवास्तव समाज से संजय श्रीवास्तव, डॉ.अतुल वर्मा, गुप्ता समाज से अजय गुप्ता, प्रफुल्ल गुप्ता, सिख समाज से राजेन्द्र सलूजा, जसवंत छाबड़ा, बलबीर खनूजा, यादव समाज से पवन यदु, सतीष यदु, सोनी समाज से रमेश सोनी, डडसेना कलार समाज से रूपेन्द्र जायसवाल, रामकुमार सिन्हा, ब्रदी जायसवाल, साहित्यकार व लेखक आदित्य श्रीवास्तव शामिल होकर अपना श्रमदान किया।

### वार्ड समिति, स्वच्छता समिति का होगा गठन

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रवंशी ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। स्वच्छता की दिशा में कार्य करने के लिए वार्डो में बैठक कर समाज प्रमुखों के साथ-साथ वार्ड के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों को जोड़ा जायेगा। वार्डो में वार्ड समिति व स्वच्छता समिति का गठन कर पूरे वार्ड को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया जायेगा। ताकि इस स्वच्छता अभियान को जन अभियान के रूप में जोड़ा जायेगा

# मोर द्वार साय सरकार महाभियान में पात्र हितग्राही का जोड़ा जा रहा नाम



■ कोयलारी कला में आवास प्लस सर्वे 2 .0 में हितग्राही के घर-घर जाकर किया जा रहा सर्वे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

किसी भी गरीब का घर कच्चा न रहे साय सरकार की मुख्य उद्देश्य अश्वनी यदु मोर द्वार साय सरकार अभियान के तहत आवास प्लस विशेष पखवाड़ा के रूप में सरकार की ओर से विशेष पहल की जा रही है जिसका एक मात्र हर गरीब को पक्का मकान देना है भूपेश बघेल के पांच साल के शासन काल में हर गरीब को पक्का मकान से दूर रखा गया। लोग पन्नी डाल कर बरसात में जीवन यापन किये कइयों ने आवास के आस में अपना कच्चा मकान तोड़कर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर रहे सरकार बदली और लोगों को उनके उम्मीद के अनुरूप कार्य करने वाली बीजेपी की सरकार मिली आज युद्ध स्तर में लोगों के आवास बन रहे हैं हर पात्र हितग्राहियों को उनका पक्का मकान मिले इस उद्देश से मुहिम चलाई जा रही है उसी कड़ी में ग्राम पंचायत कोयलारी कला में आवास प्लस सर्वे 2.0 में हितग्राही के घर- घर जाकर सर्वे कार्य जा रहा है।

जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति प्र.अश्वनी यदु ग्राम के सरपंच प्र.पप्पू यादव रोजगार सहायक पुष्पा आवास मित्र अनिल यादव एवं गांव के सहयोगियों के उपस्थिति में सभी पात्र हितग्राही का सर्वे किया गया कोयलारी कला पंचायत में लगभग शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का नाम जोड़ा गया, जन हितैषी योजना के लिए सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पड़रिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, का विशेष आभार व्यक्त किया।

# अन्य विभागों में संलग्न शिक्षकों को मूल शाला में नहीं भेजे जाने पर शिक्षा विभाग का दोहरा मापदंड श्री चंद्राकर



**हरिभूमि कवर्धा।** शिक्षा सत्र 2024-25 की शुरुआत के मद्देनजर जिला शिक्षा अधिकारी, कवर्धा द्वारा हाल ही में एक आदेश जारी कर शैक्षणिक कार्य में संलग्न शिक्षकों को 25 अप्रैल तक मूल शालाओं में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन शिक्षकों की पूर्व से नियुक्ति शैक्षणिक कार्य के लिए हुई थी, उन्हें किसी भी अन्य गैर-शैक्षणिक कार्य से मुक्त कर मूल शाला में पदस्थ किया जाएगा। हालांकि इस आदेश में अन्य विभाग जैसे अन्य शासकीय कार्यों में संलग्न शिक्षकों को शामिल नहीं किया गया है। इसको लेकर शिक्षा जगत में असंतोष और सवाल दोनों उठने लगे हैं। स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता इंजी योगेश्वर चन्द्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जब शिक्षा सत्र की शुरुआत की जा रही है और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता है, तो सभी शिक्षकों को एकसमान रूप से मूल शालाओं में भेजा जाना चाहिए। चन्द्राकर का कहना है कि यह दोहरा मापदंड समझ से परे है। यदि शिक्षकों की जरूरत है तो फिर सभी शिक्षकों की वापसी सुनिश्चित की जाए, चाहे वे किसी भी विभाग में संलग्न हों। अन्य विभाग में वर्षों से संलग्न शिक्षक अब भी वहीं कार्य कर रहे हैं, जबकि दूसरी ओर कुछ ही शिक्षकों को स्कूल भेजा जा रहा है। क्या यह न्यायसंगत है? स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता योगेश्वर चन्द्राकर का मानना है कि शिक्षा विभाग को इस तरह का विभेदकारी रवैया नहीं अपनाना चाहिए। सभी शिक्षक शैक्षणिक व्यवस्था का हिस्सा हैं और उनकी सेवाएं स्कूलों में ही सर्वोत्तम उपयोग में लाई जा सकती हैं। अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और अन्य विभाग में संलग्न शिक्षकों की मूल शाला में वापसी सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

पर्व : अक्ति परंपरा को निभाने मिट्टी के खिलौने व मटका खरीददारी कर रहे ग्रामीण

# अक्ति पर्व, अक्षय तृतीया त्योहार की तैयारी जोरों पर, क्षेत्र में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

अक्ति अक्षय तृतीया पर्व को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी के आकर्षक खिलौनों और पूजन सामाग्रियों की दुकानें सज चुकी है। वहीं गुड्डा-गुड़ियों के विवाह की परंपरा है। इस परंपरा को निभाने में बच्चे विशेषकर लड़कियों में भारी खुशी व उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं शहर व अंचल के चौक-चौराहों व गली मोहल्ले में मिट्टी से बने गुड्डे-गुड़ियों व देशी फ्रिज कहे जाने वाली मटकी की जमकर खरीददारी की जा रही है। साथ ही साथ अक्षय तृतीया को कृषि के नव वर्ष के रूप में भी मनाया जाता है, खेती के मुहूर्त किए जाते हैं। किसान धान लेकर गांव में एकत्रित होते हैं और बैगा के द्वारा पूजा अर्चना कराई जाती है इसी धान को लेकर खेत जाते हैं और धान की बुवाई का शुभारंभ करते हैं। क्षेत्र में अलग-अलग जगहों में रीति-रिवाज से अपने कुल देवता या गांव के देवी-देवता को धान चढ़ाकर बुआई की शुरुआत की जाती है।

## गुड्डा-गुड्डिया की जमकर की जा रही खरीददारी



जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों तक इन समय कुम्भकार देशी फ्रिज मटका और गुड्डा-गुड्डियों की रंग-रोगन कर गांव-गांव पहुंच रहे हैं और ग्रामीण द्वारा जम कर खरीददारी कर रहे हैं ताकि अक्षय तृतीया पर्व को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सकें। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार अक्ति पर्व 30 अप्रैल को मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, 30 अप्रैल को सुबह 5 बजकर 40 मिनट से दोपहर 2बजकर 12 मिनट तक पूजा का सबसे शुभ मुहूर्त है। वहीं ग्रामीण जन मटका में जल भरकर गांव की देवी-देवता के मंदिरों धार्मिक स्थलों और आम, बरगद, पीपल पर मटका से जल की वर्षा कर भगवान को स्नान करते हैं। वहीं पर्व को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ यज्ञ कार्यक्रमों में शामिल हुए डिप्टी सीएम

■ प्रदेश एवं जिला के लिए सुख व समृद्धि की कामना की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा





प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान जिले के विभिन्न ग्रामों में आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने ग्राम बिरकोना में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भाग लिया, जहां उन्होंने धार्मिक अनुष्ठानों में सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने ग्राम पलानसरी में आयोजित श्रीशिव रूद्र महायज्ञ में पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश एवं जिला के लिए सुख व समृद्धि की कामना की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जिले के कई ग्रामों में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया और उनके सुखमय जीवन की कामना की।

## हथलेवा में मोर द्वार साय सरकार महाभियान का किया आवास प्लस सर्वे



**हरिभूमि कवर्धा।** राज्य सरकार के मोर द्वारा साय सरकार महाअभियान अंतर्गत सभापति जनपद सहसपुर लोहारा सुदर्शन कुम्भकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास सर्वे कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिले के सहसपुर लोहारा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम हथलेवा पहुंचकर हितग्राही भारती उइके पति धनेश उइके के घर पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास के लिए सर्वे किया। वहीं हितग्राही से बातचीत की जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। जिस पर हितग्राही द्वारा इसके लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्राम पंचायत हथलेवा सरपंच प्रतिनिधि मुन्ना धुर्वे, लिलेश्वर वैष्णव, अनिल वैष्णव, पारस वैष्णव, गौतम वैष्णव, रोजगार सहायक राजकुमार साहू, आवास मित्र धर्मेन्द्र पटेल, मनोहर कौशिक, लेखू यादव, जलेश सेन, शिवसागर उइके, योगेश साहू सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक संस्कार का विद्या भारती की संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हरिभूमि पंडरिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शैक्षणिक



इकाई विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा पूरे भारत में शिक्षकों के लिए संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई थी। इसका मुख्य विषय मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र का जीवन था। जिस पर शिक्षक संस्कार श्रीवास्तव ने इसकी प्रवेशिका परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए नगर का नाम रौशन किया है। वहीं जरुरतमंद बच्चों को शिक्षा के माध्यम से समाज सेवा के लिए संबंधित संगठनों द्वारा उनका सम्मान भी किया जाता रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षा जगत में हर्ष व्याप्त है। इस वर्ष या परीक्षा छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों और आम जनता के लिए भी आयोजित की गई थी। उनकी इस उपलब्धि पर नगर वासियों ने बधाई व उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### चार साल से अधूरी है टंकी व पाइप लाइन, पेयजल की संकट

**हरिभूमि कवर्धा।** पण्डरिया ब्लॉक के नेऊर गांव पंचायत के आश्रित ग्राम तोरला नवापारा में पिछले 4 साल से पेयजल योजना अधूरी पडी है। गांव में पानी की टंकी और पाइप लाइन का काम अब तक पूरा नहीं हुआ। इससे लोगो को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है, गांव के कई हिस्सों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इससे बीमारियां फैल रही है ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की।

# मां महामाया सेवा समिति ने चलाया 118वां स्वच्छता अभियान



■ जनपद पंचायत पंडरिया परिसर में चलाया साफ-सफाई ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

मां महामाया सेवा समिति पंडरिया द्वारा इतनी भीषण गर्मी में अपनी जन्म भूमि, कर्म भूमि के लिए निश्वार्थ कार्य नगर में 118वां स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर संगीता हलवाई और विजया शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अभियान में प्रमुख रूप से पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि (समिति अध्यक्ष) संजय सोनी, सोशल मीडिया संयोजक, समिति सचिव अभिषेक शर्मा, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि जैकी टंडन, नपा ब्रांड एंबेसडर, डॉ रामकिशोर बैस, पूर्व पार्षद विजय बर्मन, समिति प्रबंधक मनेंद्र शांडिल्य, सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता मनमोहन साहू, इंद्रजीत बंजारे, वार्ड 5 पार्षद श्यामा चरण बंजारे, बूथ सचिव राजा खान, शिक्षक बाबा राज, जहीर सत्यम, राजू सोनी, अथर्व सोनी, प्राचार्य ओम गुप्ता, जनपद कर्मचारी सुरेश मानिकपुरी तथा नारी शक्ति प्रमुख वार्ड पार्षद किरण धूलिया, धान बाई निषाद, रानी यादव, संतोषी राज, दुर्गा राज, ज्योति कुर्रे, राधिका अहिरवार के साथ नपा कमांडो दस्ता तथा आसपास के लोगो की उपस्थिति में स्वच्छता साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

## साधु-संतों से दुर्व्यवहार व हमले का किया घोर निन्दा: सीनियर सिटीजन समिति



**हरिभूमि कवर्धा।** सियान सदन कलेक्ट्रेट परिसर में सिनियर सिटीजन समिति कवर्धा के सदस्यों ने कछाला में जैन संतों पर हमले का घोर निन्दा करते हुए असमाजिक तत्वों पर समुचित कार्यवाही की बात कही। गत दिनों 18 अप्रैल को सियान सदन कलेक्ट्रेट परिसर कवर्धा में सिनियर सिटीजन समिति कवर्धा के सदस्यों की उपस्थिति में एसएस जैन ने जैन धर्म की पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए सर्व-धर्म समभाव व सम्मान को रेखांकित किए तथा मध्यप्रदेश के नीमच जिले के कछाला गांव में जैन-संतों पर हुए हमले का घोर निन्दा उपरान्त समुचित कार्यवाही की बात कही। आरोपियों को सख्त सजा देने और संतों की विहार यात्रा में सुरक्षा प्रदान करने यथोचित कार्यवाही की मांग की गई। उक्त संक्षिप्त किन्तु सारगर्भित सभा में समिति के अध्यक्ष मदन तंबोली, सचिव चन्द्रहास सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष बीपी सोनी, एस जैन, श्री पाण्डे, मुरली सिंह ठाकुर, पंकज सिंह ठाकुर, अशोक देवांगन, नरेन्द्र शर्मा, सतीश यदु, राजेश गुप्ता, सोम वर्मा नरेन्द्र चन्द्रा, सुरेन्द्र कुमार नवीन, जीपी तिवारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# जिले में रात के अंधेरे में धड़ल्ले से हो रहा नलकूप खनन

## प्रशासनिक आदेशों को किया जा रहा अनदेखा

■ पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल अभाव ग्रस्त घोषित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



एक ओर राज्य सरकार ने कवर्धा जिले को जल अभाव ग्रस्त घोषित कर गंभीर जल संकट की स्थिति को स्वीकार किया है, वहीं दूसरी ओर जिले के चारों विकासखंड कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला व सहसपुर लोहारा में रात के अंधेरे में नलकूप खनन का खेल लगातार जारी है। ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार रात होते ही नलकूप खनन की आवाजें आम हो चुकी हैं।

इन खनन में न तो किसी प्रकार की अनुमति ली जा रही है और न ही जल स्तर की चिंताओं को तवज्जो दी जा रही है। प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी जिले में पानी के गिरते स्तर को देखते हुए जिला प्रशासन ने नलकूप खनन पर सख्ती से रोक लगाने का आदेश जारी किया था। इसके बावजूद नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। सवाल यह भी उठता है कि क्या यह कार्य प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है या फिर मिलीभगत का मामला है? स्थानीय निवासियों की चिंता स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह अवैध नलकूप खनन न केवल वर्तमान जल स्त्रोतों को प्रभावित करेगा, बल्कि आने वाले समय में पेयजल संकट को भी और गहरा कर देगा। जब इस विषय में संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया गया तो कुछ ने अनभिज्ञता जताई, तो कुछ ने जांच का आश्वासन दिया। लेकिन अब तक किसी ठोस कार्रवाई के संकेत नहीं मिले हैं। जिले में जल संकट से निपटने के लिए जरूरी है कि प्रशासन न केवल सतर्कता बरते बल्कि इस तरह के अवैध कार्यों पर तुरंत रोक लगाए। नहीं तो आने वाले समय में यह संकट विकराल रूप ले सकता है।

## जिला व्हालीबॉल संघ का ग्रीष्मकालीन व्हालीबाल प्रशिक्षण शिविर 25 अप्रैल से



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राष्मकालीन व्हालीबाल प्रशिक्षण शिविर बालक-बालिका वर्ग का आयोजन 25 अप्रैल से पुराना पुलिस लाईन स्थित फ्लट लाईट व्हालीबॉल ग्राउण्ड में पुलिस विभाग कवर्धा जिला व्हालीबॉल संघ कवर्धा के तत्वाधन में आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षिण शिविर में सीनियर व्हालीबॉल खिलाड़ियों द्वारा नियमित रूप से प्रातः 5.30 से 08.00 बजे तक एवं शाम 05.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें बालक-बालिका वर्ग के इच्छुक खिलाड़ी गण 19 अप्रैल 2025 तक पंजीयन हुआ एवं शाम 06.00 बजे तक पुराना पुलिस लाईन ग्राउड में उपस्थित होकर करा सकते है। पुलिस लाईन स्थित व्हलीबॉल ग्राउड से प्रशिक्षण प्राप्त बालक-बालिका प्रतिवर्ष मिनी जूनियर सीनियर वर्ग में 15-20 बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर एवं 30-40 बच्चे राज्य स्तर पर चयनित होकर जिला कबीरधाम का नाम रौशन करते है। खेल के साथ-साथ बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा के लिए सीनियर खिलाड़ियों द्वारा गाईड लाईन दिया जाता है, जिला व्हालीबॉल संघ के अधिन सीनियर खिलाड़ी जिसमें काजल धनंजय, रितिका धनजय, वैभव अवस्थी, नितिन चन्द्रवंशी, दीपचंद चन्द्रवंशी, रितेश परमार का सूबेदार उप निरीक्षक के पद पर वर्ष 2024 में चयन हुआ है।

## धूप के लिए कवच, खुमरी...



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्रामीण अंचलों में आज भी लोग धूप से बचाव के लिए पुराने पद्धति खुमरी का उपयोग करते है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार खूमरी धूप से पूरी तरह शरीर को बचाता है और शरीर को ठंडक पहुंचाता है। वहीं बरसात में छतरी का काम करता है।

धर्मसंघ पीठ परिषद आदित्यवाहिनी एवं आनंदवाहिनी द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन

# नकली शंकराचार्य पर रोकथाम के लिए कड़े कानून बनाए जाए: आदित्यवाहिनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नकली शंकराचार्य के विरोध में आदित्यवाहिनी द्वारा व्यापक अभियान चलाया गया था। जिसमें सफलता मिलने के बाद धर्मसंघ पीठ परिषद आदित्यवाहिनी एवं आनंदवाहिनी द्वारा उच्च विश्राम गृह कवर्धा में प्रेसवार्ता का आयोजन कर घटना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। जिसमें आदित्य वाहिनी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे। प्रेसवार्ता के दौरान आदित्यवाहिनी प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश नंदन श्रीवास्तव एवं जिला अध्यक्ष आशीष दुबे ने जानकारी दी। एक प्रश्न के उत्तर में अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने बताया कि दुर्ग जिला के अंतर्गत सुरडुंग जामुल में आयोजित रुद्र महायज्ञ में आयोजन समिति ने एक नकली शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद तीर्थ को श्री गोवर्धन मठ पुरी पीठ के शंकराचार्य के रूप में संबोधित एवं प्रचारित करते हुए आमंत्रित किया था जिस पर आदित्यवाहिनी द्वारा घोर आपत्ति दर्ज कराई गई।

इसके विरोध में शासन एवं प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया तथा जामुल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए नकली शंकराचार्य के विरुद्ध कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया। इसी प्रकार अन्य जिलों के अतिरिक्त कवर्धा में भी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया था। पूरे प्रदेश भर से सनातन धर्मावलंबियों के द्वारा नकली शंकराचार्य के छत्तीसगढ़ आगमन पर रोक लगाने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया, फलस्वरुप आयोजन समिति ने लिखित में पत्र देकर यह अवगत कराया कि स्वामी अधोक्क्षजानंद तीर्थ के जगत गुरु शंकराचार्य होने के संबंध में सत्यता की जानकारी उन्हें नहीं थी किंतु अब आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने स्वामी अधोक्षजानंद तीर्थ से कार्यक्रम में ना आने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। एक प्रश्न के उत्तर में श्री श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त अधोक्षजानंद तीर्थ के विरुद्ध एफआईआर नहीं हुआ है किंतु नकली शंकराचार्य पर कार्यवाही की मांग हमारी जारी रहेगी।

शासन से इस संबंध में कठोर कानून बनाए जाने का अनुरोध किया गया है, ताकि कभी कोई अराजक तत्व सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्म गुरु के पद को विकृत, दूषित और कलंकित करने का प्रयास न कर सके। अधोक्षजानंद तीर्थ को फर्जी कहे जाने के संबंध में उन्होंने स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय ने अनेक प्रकरणों में स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग को श्री गोवर्धन मठ पुरी पीठ का श्रीमद्जगतगुरु शंकराचार्य माना है। यही नहीं भगवान आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार पीठों में श्री गोवर्धन मठ में प्रारंभ से लेकर अब तक जितने भी शंकराचार्य हुए हैं उन सब की अवधि की वर्षवार जानकारी उपलब्ध है, इस क्रम में स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग 145वें नंबर के श्रीमद्जगतगुरु शंकराचार्य हैं। जिनका अभिषेक स्वयं पूर्वाचार्य ब्रह्मलीन स्वामी निरंजन देवतीर्थ महाराज द्वारा किया गया था। जिनकी प्रामाणिकता पर कोई संदेह नहीं है। जबकि अधोक्षजानंद तीर्थ एक फर्जी व्यक्ति है, स्वयंभू होने के साथ साथ अराजक तत्व है जिस पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष मारुति शरण शर्मा, कमलकांत रुसिया, नारायण गुप्ता, भोला तिवारी, सुरेश गुप्ता, शिव अग्रवाल, बृजभूषण वर्मा, मोनू सिंह ठाकुर, नंदूसिंह ठाकुर, लोकेश त्रिपाठी, संदीप शर्मा, अखिलेश देवांगन, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, अंकुश विश्वकर्मा, राजाराम चंद्रवंशी, होमेंद्र शर्मा, सार्थक श्रीवास्तव, लक्ष्य विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे। अंत में आदित्यवाहिनी जिला अध्यक्ष आशीष दुबे ने संस्था के इस अभियान में निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए सभी पत्रकारों के प्रति